


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

# चुनावी सत्र...तंत्र-मंत्र और जादू-टोना...सर्वत्र

## टिकट और जीत के लिए बाबाओं, बैगाओं और तांत्रिकों के पास पहुंच रहे नेता

## शेर की मूंछ, बकरे की बलि, हाथी का दांत मांग रहे तांत्रिक और बैगा-गुनिया

रायपुर-रुचि वर्मा और ललित राठोड़, बिलासपुर-विकास चौबे, रायगढ़- संतोष साहू, जशपुरनगर-नवीन ओझा, तखतपुर-टेकचंद कारडा की विशेष रिपोर्ट

हरिभूमि लाइव

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े चुनाव की दुंदुभि बज गई है। भाजपा और कांग्रेस के दफ्तरों में छोटे और बड़े नेताओं की आमद-ओ-रफ्त खूब चली और चल रही है। भाजपा ने लिस्ट जारी की और पीछे-पीछे कांग्रेस ने भी। इस बीच कुछ लोग ऐसे भी हैं जो टिकट पाने और टिकट मिलने के बाद जीत के लिए बैगा-गुनिया और तांत्रिको के पास भी जा रहे हैं। नगरपालिक अध्यक्ष, पार्षद, पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत के अध्यक्ष पद तक के प्रत्याशी अपनी जीत के लिए पूजापाठ और तंत्रमंत्र करवाने पहुंच रहे हैं। हरिभूमि ने प्रदेशभर में ऐसे बाबाओं को खोजा जो पूजा-पाठ करा रहे हैं। कुछ जगह जीत के लिए बकरे की बलि देने, कुछ जगह सात दिन तक शेष पेज 7 पर

### दावा: विधानसभा में दो माह तक चली पूजा, सवा लाख आहुतियां, जीत गए थे प्रत्याशी




राजेंद्र नगर स्थित श्मशान काली मंदिर में भी चुनावी विजयी के लिए विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। ना केवल राजधानी रायपुर बल्कि दूसरे जिलों के प्रत्याशी भी यहां पूजा करवाने आते हैं। मंदिर से लगे हुए श्मशान घाट में जीत के लिए विशेष पूजा होती है। मां बगलामुखी की पूजा यहां जीत के लिए प्रत्याशी करते हैं। मां बगलामुखी की पूजा शत्रुओं पर शेष पेज 7 पर

#### दावा: भाजपा-कांग्रेस दोनों ही पार्टी के प्रत्याशी

मंदिर के पं. राकेश दुबे के मुताबिक, यहां पूजा करवाने वालों में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टी के प्रत्याशी शामिल रहते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में चार प्रत्याशियों ने विशेष पूजा करवाई थी। दो माह तक पूजा चली। सवा-सवा लाख आहूतियां सभी शेष पेज 7 पर

### श्मशान घाट तक पहुंच रहे नेता, टोने-टोटकों और तंत्र-मंत्र का सहारा




- कई लोगों ने ज्योतिषों के पास कुंडली पहुंचा दी
- सबसे अधिक बगलामुखी की पूजा कराई जा रही

चुनावी रणभूमि में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करने के विशेष जतन शुरू हो गए हैं। कई लोगों ने ज्योतिषों के पास कुंडली पहुंचा दी है, तो कई ने टोने-टोटकों और तंत्र-मंत्र का सहारा लेना शुरू कर दिया है। कुछ प्रत्याशियों की ओर से गुप्त रूप से मिर्ची हवन कराया है। हाल यह है की चुनावी जीत के लिए नेता श्मशान घाट तक पहुंच रहे हैं। बिलासपुर के मुक्तिधाम में इसके लिए अलग से व्यवस्था भी है। यहां मन्नत मांगने से लेकर पूरी होने तक अलग शेष पेज 7 पर

## चुनाव में जीत, विरोधी प्रत्याशी होगा कमजोर

- तांत्रिकों का दावा तंत्र-मंत्र से निगम चुनाव बदलेगी हारी हुई बाजी
- चुनाव ग्रहों की दिशा सही करने साठ हज़ार तक पूजा

हरिभूमि ने निगम चुनाव में जीत हासिल करने की जाने वाली विशेष पूजा को लेकर तांत्रिक और ज्योतिषी से बातचीत की। सभी ने अपने टोटके के जरिए चुनाव जीत होने का शत-प्रतिशत गारंटी दी। शहर के एक तांत्रिक ने जीत निश्चित करने शेर की मूँछ और हाथी के असली दांत का टुकड़ा लाने की बात कहीं। तांत्रिक यह भी नहीं पूछ रहे कि प्रत्याशी किस पार्टी से है। तांत्रिक पूजा का सटीक परिणाम मिलने का दावा किया जा रहा है। अगर जीत नहीं हुई, तो पैसे वापिस हो जाएंगे। पूजा की विशेषता के बारे में भी बताया जा रहा है। तांत्रिक 10 हजार से 60 हजार रुपए तक पूजा करवा रहे हैं। बातचीत में बताया कि शेष पेज 7 पर




### तांत्रिक से इस तरह बातचीत

*रिपोर्टर- वामन राव लाखे नगर वार्ड से प्रत्याशी को जीतना है, क्या करना होगा ?*

*तांत्रिक- मां काली की विशेष सिद्धि पूजा करनी होगी। शनिवार को ही पूजा होगी।*

*रिपोर्टर- क्या प्रत्याशी को यहां आना होगा या फिर नहीं आने से काम हो जाएगा?*

*तांत्रिक- यह पूजा मध्य रात्रि होती हैं, उनकी उपस्थिति बगैर कुछ नहीं हो सकता। मुख्य पूजा में आना ही होगा बाकी छोटी पूजा में आवश्यकता नहीं होगी।*

*रिपोर्टर- हमें क्या करना होगा ?*

*तांत्रिक- विरोधी प्रत्याशी की तस्वीर चाहिए होगी। दस दिनों तक खाने-पीने का नियम बदल जाएगा। पूजा के बाद राख को चुनाव पर प्रचार के चीजों में डालना होगा।*

*रिपोर्टर- क्या इस पूजा के बाद जीत पक्की होगी। इसकी कितनी संभावना है ?*

*तांत्रिक- जीत होगी अगर मेरे बताए अनुसार कार्य करेंगे तो। चुनाव के परिणाम आने तक हर फ़ैसले ही जानकारी देनी होगी। पूरे पैसे काम खत्म होने के बाद देना। कुछ पैसे पूजा की सामग्री के लिए देने होंगे।* शेष पेज 7 पर

### चुनाव से पहले पूजा पाठ बाद में बकरे की बलि

नगरपालिका और पंचायत चुनाव के आते ही बैगा, गुनिया, तांत्रिकों के दरबार में भीड़ बढ़ गई है। चुनाव में टिकट पाने से लेकर जीत पक्की करने के लिए प्रत्याशी अब तंत्र मंत्र का सहारा ले रहे हैं। बैगा ने बताया कि पूजा के लिए दो नारियल सुपाड़ी, धूप, अगरबत्ती तेल, बंदन और पांच नीबू लगेंगे। मां काली और शंकर जी की पूजा की जाती है। प्रत्याशी के पास समय नहीं है तो वर्तमान में पूजा हो जाएगी। सफलता मिलने के बाद मन्नत के अनुसार जो भी इच्छा हो वह दान में और मुर्गी, बकरी या नीबू की बलि देनी होगी। बैगा ने कहा कि यह तय है कि श्रद्धा से की गई पूजा से ही सफलता मिलती है। बैगा ने पूजा के लिए कहा कि प्रत्याशी के लिए टिकट पाने और जीत के लिए अलग अलग पूजा करनी होगी। इसके साथ ही सिद्ध की गई पूजा सामाग्री उसे 15 दिन तक जेब में रखनी होगी। पूजा की दक्षिणा पूछने पर उसने कहा कि जो इच्छा है वह दे दें। बाद में जो मन्नत है उसे पूरा करना होगा। नगरपालिका चुनाव के लिए टिकट मांगने के लिए लम्बी कतार है इसलिए प्रत्याशी टिकट पाने से साथ चुनाव जीतने की भी पूजा करा रहे हैं।




## खबर संक्षेप

### सर्पदंश की घटनाएं बढ़ रही, कुछ करें



**नई दिल्ली।** सर्पदंश की समस्या के "पूरे देश में" व्याप्त होने का उल्लेख करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से कहा कि वह सभी राज्यों को साथ लेकर चिकित्सा सुविधाओं में सर्पदंश का उपचार उपलब्ध कराने के लिए कुछ करे। न्यायमूर्ति की पीठ एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### ईडी ने सीएम की पत्नी को जारी किया समन




**बेंगलुरु।** ईडी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती बीएम को मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण भूमि आवंटन से जुड़े कथित घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को अपने समक्ष पेश होने को कहा है। ईडी मामले की जांच कर रही है।

### बुच का कार्यकाल 28 फरवरी को होगा समाप्त



**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को सेबी के चेयरपर्सन की तलाश की प्रक्रिया शुरू कर दी। यह प्रक्रिया मौजूदा प्रमुख माधबी पुरी बुच के कार्यकाल की समाप्ति से एक महीने पहले शुरू की गई है। बुच हितों के टकराव को लेकर पिछले काफी समय से चर्चा में रही हैं।

## हरिभूमि ने किया था खुलासा, खबर का हुआ असर, ईओडब्ल्यू, एसीबी का धावा

# रीएजेंट पर बड़ा एक्शन, मोक्षित के दर्जनभर ठिकानों पर छापे, 660 करोड़ का मामला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/ भिलाई**

अस्पतालों में रीएजेंट सप्लाई में गड़बड़ी के आरोप को लेकर निशाने पर रहे दुर्ग के मोक्षित कार्पोरेशन पर सोमवार तड़के ईओडब्ल्यू और एसीबी की टीम ने ताबड़तोड़ छापे मारे। अलग अलग टीमों ने कार्पोरेशन के दुर्ग, रायपुर तथा हरियाणा के एक दर्जन ठिकानों में धावा बोला। रीएजेंट तथा मशीन उपलब्ध कराने वाली इस कंपनी द्वारा सप्लाई सामग्री की हरिभूमि की टीम ने पड़ताल कर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। विस में भी यह मामला उठा था। उसके बाद एसीबी, ईओडब्ल्यू ने 22 जनवरी को मोक्षित कार्पोरेशन के खिलाफ अपराध दर्ज किया था। छापे शेष पेज 7 पर

- अस्पतालों को रीएजेंट तथा मशीन सौ गुना ज्यादा दर पर सप्लाई करने का आरोप

### दुर्ग, रायपुर के साथ पंचकुला में चल रही कार्रवाई

खास खबर


महालेखाकार ने पकड़ी 660 करोड़ की गड़बड़ी, बिना डिमांड हेल्थ सेंटरों में उपकरणों, केमिकल की सप्लाई, 2 को हाईलेवल मीटिंग

#### 660 करोड़ रुपए से ज्यादा का घोटाला

मोक्षित कार्पोरेशन की रीएजेंट तथा मशीन आपूर्ति कराने में गड़बड़ी का मामला विधानसभा में भी उठा था। रीएजेंट तथा मशीन आपूर्ति कराने वाली कंपनी के खिलाफ पांच साल में 660 करोड़ रुपए से ज्यादा के गड़बड़ी करने के आरोप हैं। यह भी आरोप है कि कंपनी ने मशीन तथा रीएजेंट मार्केट दर से सौ गुना ज्यादा में उपलब्ध कराने का काम किया है। जहां जरूरत नहीं थी, वहां सप्लाई करने से काफी नुकसान उठाना पड़ा है। रीजेंट्स एक्सपायर हो गए।




#### साढ़े आठ रुपए का उपकरण दो हजार में

ब्लड सेंपल लेने के काम आने वाला ट्यूब ईडीटीए बाजार में महज साढ़े आठ रुपए में मिलता है, लेकिन उस ट्यूब को मोक्षित कार्पोरेशन ने दो हजार 352 रुपए में उपलब्ध कराया था। इसी तरह सीबीसी मशीन जिसकी कीमत पांच लाख रुपए है, उस मशीन को मोक्षित कार्पोरेशन ने तीन गुना से ज्यादा कीमत 17 लाख रुपए में प्रदेश के अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध कराने का काम किया है। रीएजेंट में तीन सौ करोड़ रुपए की गड़बड़ी करने के आरोप है।

#### अन्य कंपनी टेंडर से बाहर हो जाती थी

मोक्षित कार्पोरेशन ने मार्च-अप्रैल 2023 में स्वास्थ्य केंद्रों में मशीन तथा रीएजेंट आपूर्ति करने का काम शुरू किया है। आरोप है, टेंडर प्रक्रिया में कोई दूसरी कंपनी शामिल न हो पाए इसलिए मोक्षित कार्पोरेशन पर शेल कंपनी बनाकर टेंडर लेने फार्म जमा किया जाता था। कोई अन्य कंपनी टेंडर में शामिल होता था, उस कंपनी को तकनीकी कारण बताकर टेंडर से बाहर कर दी जाती थी।

## 5 सालों में 5000 प्रवासी पक्षी हुए कम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर**

**हाईकोर्ट ने मांगा जवाब**

उच्च न्यायालय में प्रवासी पक्षियों की कमी को लेकर चिंता जताते हुए लगाई गई जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। धमतरी के एक संस्था धमतरी वाइल्डलाइफ वेलफेयर सोसाइटी ने जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की वकील अदिति सिंघवी ने बताया कि गंगरेल बांध से जुड़ी आर्द्र भूमि है। प्रवासी पक्षियों के आने की संख्या गिर गई है। पिछले 5 सालों में 5000 प्रवासी पक्षी से अब वह संख्या शून्य होने की स्थिति में है।

**विदेश सचिव के साथ बैठक**

## कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर होगी शुरू, भारत-चीन राजी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

भारत और चीन कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने पर राजी हो गए हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, भारत और चीन ने कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने का फैसला किया। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और चीनी मंत्री वांग यी के बीच में हुई मुलाकात में यह फैसला लिया गया। भारत और चीन में बढ़ते तनाव को देखते हुए कैलाश मानसरोवर यात्रा रोक दी गई थी।



#### सीधी हवाई सेवाएं

दोनों देशों के बीच इस अहम बैठक में बातचीत और आदान-प्रदान को और बढ़ावा देने और सुविधाजनक बनाने के लिए उचित उपाय करने पर सहमत हुए। इसके अलावा दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर सैद्धांतिक रूप से सहमत हुए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और चीन ने संबंधों को स्थिर करने और फिर से मजबूती देने के लिए कुछ जन-केंद्रित कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की।

**मुखबिरी का आरोप**

## चुनाव से पहले नक्सलियों ने घर घुसकर ग्रामीण को मारा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर**

नक्सलियों ने एक बार फिर निर्दोष ग्रामीण को पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए हत्या कर दी है। नक्सलियों की भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने पर्चा जारी कर हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए बताया कि उसे पूर्व में भी चेतावनी दी गई थी, लेकिन वह पुलिस को उनकी जानकारी लगातार दे रहा था, इसलिए उसे शेष पेज 7 पर

- भैरमगढ़ एरिया कमेटी ने पर्चा जारी कर हत्या की ली जिम्मेदारी



#### चुनाव से पूर्व नक्सलियों ने घटना को दिया अंजाम

पंचायत चुनाव से पूर्व नक्सलियों ने इलाके में दहशत कायम रखने हत्या को अंजाम दिया है। प्रदेश में भाजपा सरकार के आते ही छग में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान तेजी से चल रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 2026 तक नक्सलियों का सफाया करने का लक्ष्य रखा है, इसके बाद से लगातार सुरक्षा बल के जवान नक्सलियों की मांद में घुसकर शेष पेज 7 पर

SIKSHA 'O' ANUSANDHAN

SAAT-2025

Empowering students for a brighter future

CORE B.TECH PROGRAMMES
- Civil Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes

NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 26th Best in Engineering Category

INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in

COPYRIGHT & TRADEMARK CAUTION NOTICE

Our Client, **M/s. NAVA HEALTHCARE PVT. LTD.,** a registered private limited company, at **C1/10, LAL SAI MARG, JANAKPURI, NEW DELHI-110058,** India is the registered, prior user and honest adopter of the Copyright/Artistic work **"DEVICE OF ARROWS"** vide no. A-143295/2022, as shown below, under relevant sections of the Copyright Act 1957 and Trademarks Act, 1999.

The members of trade and public are hereby cautioned and notified against any unscrupulous manufacturers, marketers and traders, who pass of their goods under the aforementioned Copyright/Artistic work/ Trademark and its variants thereof or any other Artistic work and mark deceptively similar to our Client's Copyright/trademark and its variants thereof. Therefore, the public is hereby cautioned against purchasing goods from any such individuals/entities.




The public in general are also advised not to be attracted or lured by any email communications, advertisements or solicitation made by any unauthorized entities. Our client will take strict legal action against such entities and thwart their attempts to mislead the public at large.

Dated this 24th day of January, 2025
For **NAVA HEALTHCARE PVT. LTD.**

Romila Malhotra (Advocate)
Bee Legal Advisory-IP Law Firm
C-11, Shivlok Apartment,
Plot-6, Sector-6, Delhi-110075.
Mobile-9582916996, 9599712505

# अमेरिका में गुरुद्वारों पर पुलिस की रेड, 956 अवैध प्रवासी गिरफ्तार




एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सख्त इमिग्रेशन नीतियों के चलते अवैध प्रवासियों पर बड़ी कार्रवाई हो रही है। सोमवार को अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के कई गुरुद्वारों में तलाशी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के तहत 956 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार कर लिया गया। सिख संगठनों ने इसे धार्मिक स्थलों की पवित्रता पर हमला बताया। सिख अमेरिकन लीगल डिफेंस एंड एजुकेशन फंड (एसएएलडीईएफ) की निदेशक किरण कौर गिल ने कहा कि यह कार्रवाई हमारे धर्म की मर्यादा को ठेस पहुंचाने वाली है।

होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि यह तलाशी अभियान अमेरिका के इमिग्रेशन कानून को सख्ती से लागू करने के लिए चलाया गया। विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि अवैध प्रवासी जो खतरनाक अपराधी हो सकते हैं, जैसे हत्या और बलात्कार के दोषी, उन्हें गिरफ्तार कर देश से बाहर भेजा जाएगा।

### ट्रंप का इमिग्रेशन पर आदेश

डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद अवैध प्रवासियों पर कड़ा आदेश जारी किया। इसमें अवैध प्रवासियों को देश से बाहर करने और बर्थराइट सिटीजनशिप खत्म करने का ऐलान किया गया। होमलैंड सिक्योरिटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 तक करीब 2.2 लाख भारतीय अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे थे। ट्रंप का मानना है कि अवैध प्रवासी अपराध बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं।

### आप के आरोप पर ईसी ने सैनी सरकार से मांगा जवाब

# केजरीवाल का गंभीर आरोप, 'हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी में मिलाया जहर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना की सफाई का मुद्दा गरमाता जा रहा है। अब आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर यमुना के पानी को जहरीला करने का आरोप लगाया है। साथ ही दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली को आपूर्ति किए जाने वाले पानी में अमोनिया बढ़ने का दावा करते हुए चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली सरकार के इस पत्र पर चुनाव आयोग ने हरियाणा से जवाब मांगा। वहीं, केजरीवाल के बयान पर हरियाणा के सीएम ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को लोग अब चलता करने वाले हैं। मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि हरियाणा की ओर से यमुना में अत्यधिक अमोनिया वाला पानी छोड़ा जा रहा है। इसकी वजह से दिल्ली के 3 बड़े वाटर ट्रीटमेंट प्लांट वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला प्लांट बंद होने की कगार पर हैं।

### क्या बोले केजरीवाल



अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'दिल्ली के लोगों को पीने के लिए पानी हरियाणा और उत्तर प्रदेश से मिलता है। यमुना में हरियाणा से पानी दिल्ली में आता है। भाजपा की हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी को जहरीला कर दिया है। हालांकि, दिल्ली जल बोर्ड ने उस पानी को दिल्ली में आने से रोक दिया...भाजपा सरकार ने पानी में ऐसा जहर मिलाया है, जिसे जल उपचार संयंत्रों द्वारा भी साफ नहीं किया जा सकता है। इससे दिल्ली के एक तिहाई हिस्से में पानी की कमी हो गई है। केजरीवाल ने दावा किया कि उन्होंने दिल्ली में अफरा-तफरी मचाने के लिए ऐसा किया है, ताकि दिल्ली के लोग मरें और इसका दोष आप पर आए।

### मंगलवार दोपहर तक देना होगा जवाब

सूत्रों के मुताबिक ईसीआई ने हरियाणा सरकार को हरियाणा से दिल्ली को आपूर्ति किए जाने वाले पानी में अमोनिया के स्तर में वृद्धि के आरोपों के संबंध में मंगलवार दोपहर (28 जनवरी) तक तथ्यात्मक रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। यमुना में अमोनिया के उच्च स्तर के कारण राष्ट्रीय राजधानी में पानी की उपलब्धता कथित तौर पर बाधित हो गई है।

### नायब सैनी ने किया पलटवार

केजरीवाल के आरोपों पर पलटवार करते हुए हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा, 'मैं दिल्ली के लोगों से मुलाकात की। लोगों ने बताया कि हरियाणा से 35 किमी दूरी के बाद ही लोगों दिल्ली में गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। केजरीवाल ने यमुना को साफ करने की बात कही थी, लेकिन अब 28 नाले गंदा पानी छोड़ रहे हैं। इसकी जिम्मेदारी उन्हीं की है।'

### आप का 15 गारंटी का घोषणा पत्र जारी



दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक केजरीवाल ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय से घोषणा पत्र जारी किया है। आम आदमी पार्टी ने 15 गारंटी के चुनावी घोषणा पत्र के माध्यम से विभिन्न वर्गों को साधने की कोशिश की है। आप का घोषणा पत्र महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, गरीबों से लेकर विभिन्न वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। केजरीवाल ने मंच पर जनता के सामने गारंटी पत्र पर साइन भी किया है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत

# 'समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर करेंगे दोनों काम'





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच सोमवार को टेलीफोन पर बातचीत हुई। इसमें दोनों देशों की लाभकारी और विश्वसनीय साझेदारी के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की गई। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कहा कि अपने प्रिय मित्र अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करके बहुत प्रसन्नता हुई। उन्हें उनके ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए बधाई दी। हम पारस्परिक रूप से लाभकारी और विश्वसनीय साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ ही दोनों अपने लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे।

गौरतलब है कि इस महीने की 20 तारीख को अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति ने अपना कार्यभार संभाला था। जिसमें पीएम मोदी के विशेष दूत के रूप में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर वॉशिंगटन डीसी में आयोजित किए गए शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री का एक विशेष पत्र भी राष्ट्रपति ट्रंप को सौंपा था। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद अमेरिका के नए प्रशासन में क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक हुई। साथ ही अमेरिका के नए विदेश मंत्री मार्को रुबियो और भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक भी हुई थी। जिसमें भविष्य में दोनों ने द्विपक्षीय साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया।

### सुधार की मांग वाली याचिका खारिज

# दहेज पर बोला एससी 'हम कुछ नहीं कर सकते'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों में सुधार की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है।



सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इसके लिए समाज को बदलना होगा, हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। याचिका में कहा गया था कि मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, ऐसे में इनमें सुधार किए जाने चाहिए। बीते दिनों बंगलूरू में एक इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली थी। इंजीनियर ने अपनी पत्नी पर कानूनी तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और इंजीनियर ने कानून में कथित खामियों का भी आरोप लगाया था।

### याचिका में दिए गए थे ये सुझाव

याचिका में ये भी मांग की गई थी कि ऐसा प्रावधान किया जाना चाहिए कि शादी पंजीकृत कराते समय शादी में मिले सामान और उपहारों को भी पंजीकृत कराया जाए। साथ ही साल 2010 में आईपीसी की धारा 498ए को लेकर एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणियां की थीं, उन्हें भी लागू किया जाए। याचिका में कहा गया कि कानूनों में सुधार से मासूम पुरुषों की जान बचाई जा सकती है।

### आरोपी ने किया था इसका सिम इस्तेमाल

# सैफ पर हमला : बंगाल से एक महिला गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई पुलिस ने सोमवार को सैफ अली खान पर हुए हमले मामले में पश्चिम बंगाल से एक महिला को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में तलाशी अभियान चलाकर महिला को हिरासत में लिया है। एक सूत्र ने बताया कि जांच में पता चला है कि हमले के लिए मुंबई में पहले गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिक द्वारा इस्तेमाल किया गया सिम महिला के नाम पर रजिस्टर्ड था। पश्चिम बंगाल पुलिस के सूत्र ने बताया, 'सैफ अली हमला मामले में मुंबई पुलिस ने नादिया जिले के छपरा से एक महिला को गिरफ्तार किया है।

### हमले के बाद पहली बार बाहर निकले सैफ

सैफ अली खान और करीना कपूर खान रविवार को सुबह घर से बाहर निकले। सैफ पर जानलेवा हमले के बाद वह पहली बार घर से बाहर निकले। सैफ और करीना को कड़ी सुरक्षा के बीच बाहर निकलते हुए पैपराजी ने कैमरे में कैद किया था। सैफ अली खान पर हमले के बाद यह उनकी पहली सार्वजनिक उपस्थिति थी।

### सौरभ शर्मा केस

# करोड़पति पूर्व आरटीओ आरक्षक ने किया सरेंडर!




**भोपाल।** मध्य प्रदेश परिवहन विभाग (आरटीओ) के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा ने सरेंडर का आवेदन लगाया है। सोमवार को सौरभ के वकील ने न्यायाधीश राम प्रताप मिश्र के कोर्ट में सरेंडर कर आवेदन किया है। सूत्रों के हवाले, सौरभ जल्द सरेंडर कर सकता है। बता दें कि 19 दिसंबर 2024 को लोकायुक्त ने सौरभ के यहां छापेमारी की थी। कार से 11 करोड़ कैश और 50 किग्रा सोना जब्त किया था। इसके बाद से ही सौरभ फरार है। पुलिस को उसकी तलाश है। लोकायुक्त ने 19 दिसंबर को आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के घर और दफ्तर पर छापामार कार्रवाई की थी।

### अब तक यह मिला

ईडी, आईटी और आयकर विभाग को अब तक चली जांच-पड़ताल में लगभग 100 करोड़ का माल मिला है। लोकायुक्त को कैश, सोने, चांदी, हीरों के जवरात सहित कुल 7.98 करोड़ का माल मिला। आयकर विभाग को 41.60 करोड़ के सोने, चांदी और हीरों के जेवरात मिले हैं। 11 करोड़ कैश सहित कुल 52.60 करोड़ का माल मिला है।



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## शहर की कमान महिला महापौर के हाथ



राजधानी रायपुर शहर की कमान महिला महापौर के हाथ में होगी। भाजपा की मीनल चौबे वर्तमान में नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष हैं, जबकि वह तीन बार बीजेपी के टिकट पर पार्षद चुनी जा चुकी हैं। उन्हें सीनियर नेताओं की रायशुमारी के बाद ही टिकट दिया गया है। वहीं कांग्रेस की दीप्ति दुबे पूर्व महापौर और सभापति रह चुके प्रमोद दुबे की पत्नी हैं, दीप्ति दुबे 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद से ही कांग्रेस में सक्रिय हैं। वे पहली बार चुनाव लड़ रही हैं।

# कांग्रेस में दो पूर्व मेयर, भाजपा में मधु को मौका, रायगढ़ में चाय वाले को टिकट

### कांग्रेस के निखिल, प्रेमलता और भाजपा से जीवर्धन सबसे कम उम्र की प्रत्याशी

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस और भाजपा ने मेयर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस ने दो निवर्तमान महापौर को फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा में राजनांदगांव से वरिष्ठ नेता व पूर्व में महापौर रह चुके मधुसूदन को फिर मौका दिया है। दिलचस्प बात यह है कि उनके मुकाबले कांगेस ने युवा ब्रिगेड को मैदान पर उतारा है। राज्य के दस निगमों में चुनाव हो रहे हैं। सभी सीटों के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया गया है। कांग्रेस ने जिन सीटों पर पुराने चेहरे को रिपीट किया है, इनमें अंबिकापुर और रायगढ़ महापौर शामिल हैं। रायगढ़ में संघ के कार्यकर्ता और एल्डरमैन 46 वषीर्य जीवर्धन चौहान ▶▶|शेष पेज 7 पर



भाजपा | कांग्रेस

### जगदलपुर में भी मुकाबला कड़ा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के गृहनगर जगदलपुर में भी मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है, भाजपा ने यहां से संजय पांडे को उतारा है। वह नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष हैं। वे 2004 से लगातार पार्षद बन रहे हैं, उन्हें किरण सिंहदेव का करीबी माना ▶▶|शेष पेज 7 पर



भाजपा | कांग्रेस

### धमतरी में होगी कांटे की टक्कर

कांग्रेस ने नगर निगम धमतरी महापौर के लिए विजय गोलछा को प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने अपने प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा को मैदान में उतारा है। विजय गोलछा कांग्रेस के सक्रिय सदस्य हैं। शहर ब्लॉक अध्यक्ष भी रहे हैं। वे 1998 ▶▶|शेष पेज 7 पर



भाजपा | कांग्रेस

### रायगढ़ में कांग्रेस की जानकी, भाजपा ने चाय वाले को उतारा

भाजपा ने रायगढ़ से जीवर्धन चौहान को महापौर के पद का टिकट दिया है। जीवर्धन एक चाय की दुकान चलाते हैं। उनका नाम न तो उम्मीदवारों की दौड़ में शामिल था, ▶▶|शेष पेज 7 पर



भाजपा | कांग्रेस

### पूर्व सांसद मधूसुदन के सामने युवा निखिल

भाजपा ने राजनांदगांव सीट से पूर्व सांसद मधुसूदन यादव को मेयर की टिकट देकर सभी को हैरान कर दिया है। वे महापौर भी रह चुके हैं। वे पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के काफी करीबी नेता माने जाते हैं। वे विधायक, सांसद और महापौर रह चुके हैं। ▶▶|शेष पेज 7 पर



भाजपा | कांग्रेस

### संगठन में सक्रिय को दिया मौका

कोरबा से भाजपा ने संजू देवी राजपूत को उम्मीदवार बनाया है। लंबे समय से भाजपा से जुड़ी हुई हैं। वे पूर्व पार्षद भी हैं और महिला मोर्चा की सक्रिय सदस्य हैं। वहीं कांग्रेस ने उषा तिवारी को मैदान में उतारा है। वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी की संयुक्त महामंत्री ▶▶|शेष पेज 7 पर

### बिलासपुर में अमर की प्रतिष्ठा दांव पर



भाजपा | कांग्रेस

बिलासपुर नगर निगम में मेयर पद इस बार ओबीसी के लिए आरक्षित है। यहां से भाजपा ने पूजा विधानी को उतारा है। उनके पति अशोक विधानी निगम के नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं। वे बिलासपुर विधायक अमरअग्रवाल के करीबी माने जाते हैं। उनकी सहमति से उन्हें टिकट दिया गया है। ▶▶|शेष पेज 7 पर



भाजपा | कांग्रेस

### निर्दलीय पार्षद चुनाव लड़ा तो मिले थे 4 वोट, अब भाजपा के मेयर प्रत्याशी

चिरमिरी से भाजपा ने रामनरेश राय को मैदान में उतारा है। वे पेशे से वकील हैं और भाजपा के विधि प्रकोष्ठ में पदाधिकारी के रूप में कार्य कर चुके हैं। हालांकि, चिरमिरी क्षेत्र में उनकी पहचान कम है, क्योंकि उन्होंने पहले निर्दलीय पार्षद चुनाव लड़ा ▶▶|शेष पेज 7 पर



भाजपा | कांग्रेस

### दो बार के महापौर से टक्कर लेंगीं मंजूषा

अंबिकापुर से बीजेपी ने मंजूषा भगत को मैदान में उतारा है। वे भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रह चुकी हैं और वर्तमान में भाजपा सरगुजा की जिला उपाध्यक्ष हैं, इसके साथ ही वे नगर निगम की वरिष्ठ पार्षद हैं। वे एक बार महापौर चुनाव हार चुकी हैं। कांग्रेस ने अजय तिर्की ▶▶|शेष पेज 7 पर

### वोरा और बघेल की प्रतिष्ठा दांव पर



भाजपा | कांग्रेस

दुर्ग से बीजेपी ने अलका बाघमार को अपना उम्मीदवार घोषित किया हैं। वर्तमान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हैं। वे दुर्ग महिला मोर्चा की महामंत्री रह चुकी हैं और सांसद विजय बघेल की रिश्तेदार भी हैं। कांग्रेस ने प्रेमलता पोषण साहू को मैदान में उतारा है। काफी समय से कांग्रेस की ▶▶|शेष पेज 7 पर


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### उत्तराखंड में यूसीसी लागू सीएम ने कराया पंजीयन



**देहरादून।** उत्तराखंड में सोमवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर दी गई। इसके साथ ही यह स्वतंत्र भारत में ऐसा करने वाला पहला राज्य बन गया है। यहां मुख्यमंत्री आवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिसूचना जारी की।

### अयोध्या में दो बुजुर्ग श्रद्धालुओं की मौत



**अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में सोमवार को पूजा-अर्चना करने आई एक महिला समेत दो बुजुर्ग श्रद्धालुओं की मौत हो गई। पुलिस ने सोशल मीडिया पर चल रही उन खबरों का खंडन किया है, जिनमें कहा जा रहा है कि भगदड़ के कारण मौत हुई है।

### खाई में गिरी कार, चार सैन्यकर्मी हुए घायल



**पुंछ/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सोमवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से चार सैन्यकर्मी घायल हो गए। यह दुर्घटना सवजियन क्षेत्र के गंतार मोड़ पर उस समय हुई जब सैनिक गश्त के बाद अपने शिविर की ओर लौट रहे थे।

### सड़क हादसे में दो बच्चों समेत चार की मौत



**आगरा।** यूपी में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर दंपति और दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ओमप्रकाश (42), उनकी पत्नी पूर्णिमा सिंह (34), बेटी अहाना (12) और बेटे विनायक (चार) के रूप में हुई है। ओमप्रकाश कुंभ स्नान करके लौट रहे थे।

### नर्सिंग सहायक समेत दो हेरोइन तस्कर गिरफ्तार



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सोमवार को पुलिस ने 40 ग्राम हेरोइन के साथ दो संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि आरोपियों में एक सरकारी मेडिकल कॉलेज उधमपुर का नर्सिंग सहायक भी शामिल है।

## प्रधानमंत्री से सनातन बोर्ड बनाने की अपील

# महाकुंभ की धर्म संसद से नया नारा, संभल मथुरा और विश्वनाथ, तीनों लेंगे एकसाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*प्रयागराज महाकुंभ में सोमवार को सनातन धर्म संसद का आयोजन हुआ। इसमें देशभर के करीब 5000 से अधिक साधु-संत और भक्त पहुंचे। यहां नारा दिया गया- संभल, मथुरा, विश्वनाथ, तीनों लेंगे एक साथ। इस दौरान प्रधानमंत्री से सनातन बोर्ड बनाने की अपील की गई, वहीं वर्शिप एक्ट खत्म करने की भी मांग उठी।*

धर्म संसद के दौरान कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि वक्फ बोर्ड कहता है कि प्रयागराज की कुंभ भूमि हमारी है। किसी दिन वक्फ बोर्ड कह देगा कि पूरा भारत हमारा है तब कहां जाओगे। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू बोर्ड नहीं, पाकिस्ताम में हिन्दू बोर्ड नहीं तो हिन्दुस्तान में वक्फ बोर्ड क्या कर रहा है। बहुत सह लिया, हिन्दू हक़ ले कर रहेंगे। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि 2013 में कुंभ कि व्यवस्था उन्हें दी गई जो 15 मिनट का चैलेंज देते थे, अगर देखना चाहते हो तो ये भी अरमान पूरा करके देख लो। हमारे तो नागा साधु ही काफी हैं, मिलिट्री की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मंदिर सरकारी संरक्षण से मुक्त हो। भगवान का भोग आज डीएम तय करता है, जबकि यह अधिकार आचार्यओं का है। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि राम मंदिर तो छोटी सी झांकी है, मथुरा का पूरा फंक्शन बाकी है। धर्म संसद से पहले देवकीनंदन ठाकुर ने कहा था कि 'यह सनातन धर्म संसद सनातनियों की सुरक्षा के लिए है। अगर एक बोर्ड हमारी पूजा, परंपरा, संस्कृति, गौमाता को एक साथ ला ▶▶|शेष पेज 7 पर

- महाकुंभ में धर्म संसद में वर्शिप एक्ट खत्म करने की उठी मांग



**पांच हजार से अधिक साधु-संत और भक्त**

*धर्म संसद में करीब 5 हजार साधु-संत और भक्त मौजूद रहे। जगद्गुरु श्रीजी महाराज, जगद्गुरु विद्या भास्कर, जगद्गुरु वल्लभाचार्य, चिन्मयानंद बापू, साध्वी प्राची, महंत राजू दास, साध्वी सरस्वती, जगद्गुरु सूर्याचार्य आदि मौजूद हैं।*

### ये प्रस्ताव रखे गए

- सनातन बोर्ड लागू किया जाए
- देशभर के मंदिरों से सरकारी नियंत्रण हटे
- हर बड़े मंदिर में गोशाला स्थापित हो
- धर्मांतरण रोकने के लिए गरीब हिंदू परिवारों को आर्थिक सहायता
- सनातन हिंदुओं के दूसरे धर्म में विवाह रोकने का प्रयास करना।

### शंकराचार्य का दावा, नहीं मिला न्योता

उत्तर प्रदेश स्थित प्रयागराज महाकुंभ में सोमवार को सनातन बोर्ड के गठन और वक्फ बोर्ड के विरोध में हुई धर्म संसद को लेकर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया है कि न्योता ही नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड का गठन हो, यह मेरी भी इच्छा है लेकिन सनातन बोर्ड का गठन इस तरह की धर्म संसद से नहीं हो सकेगा।

### 15 मिनट का चैलेंज

कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि 2013 में कुंभ कि व्यवस्था उन्हें दी गई जो 15 मिनट का चैलेंज देते थे। अगर देखना चाहते हो तो ये भी अरमान पूरा करके देख लो। हमारे तो नागा साधु ही काफी हैं, मिलिट्री की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि मंदिर सरकारी संरक्षण से मुक्त हो। भगवान का भोग आज डीएम तय करता है, जबकि यह अधिकार आचार्य का है।



### शाह ने संतों ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचकर त्रिवेणी संगम में संतों के मंत्रोच्चार के बीच आस्था की डुबकी लगाई।

### खड़गे का तंज, क्या गंगा में नहाने से दूर हो जाएगी गरीबी

इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूछा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी समाप्त हो जाएगी? उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेताओं में कैमरे के समक्ष डुबकी लगाने की होड़ है।

## गणतंत्र दिवस पर 26 गांवों में पहली बार फहराया गया तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि बस्तर संभाग के 26 संवेदनशील नक्सल प्रभावित गांवों में पहली बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा शान से फहराया गया। आजादी के बाद पहली बार इन गांवों में राष्ट्रीय पर्व मनाया गया, जो राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों का नतीजा है। पिछले एक वर्ष में बस्तर संभाग के अंदरूनी और सुदूर क्षेत्रों में 26 नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए। ये कैंप न केवल सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ कर रहे हैं, बल्कि विकास के केंद्र के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। इन ▶▶|शेष पेज 7 पर

- आने वाले समय में बस्तर के हर कोने में तिरंगा फहराते हुए हम गणतंत्र दिवस मनाएंगे : शर्मा

### इन क्षेत्रों में फहराया गया

बीजापुर के गुंडम, फुटकेल, छुटवाही, कोंडापल्ली, जिड़पल्ली, वाटेवागु, करेंगट्टा, पीड़िया; जिला नारायणपुर के कस्तुरमेटा, मसपुर, ईरकभट्टी, मोहंदी, होरादी, गारपा, कच्चापाल, कोड़लियार; जिला सुकमा के टेकलगुड़ेम, पुवर्ती, लखापाल, पूलनपाड़, तुमालपाड़, रायगुडेम, गोलाकुंडा, गोमगुड़ा, मेंट्टागुड़ा; और जिला कांकेर के पानीडोबीर गांवों में सुरक्षा कैंप ▶▶|शेष पेज 7 पर

**विपक्ष के सभी प्रस्ताव खारिज**

# नए कलेवर में आएगा वक्फ कानून, सत्तापक्ष के 14 प्रस्तावों पर मुहर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वक्फ को लेकर बनाई गई संसद की संयुक्त समिति की बैठक (जेपीसी) में तय हो गया है कि लोकसभा में पेश किया गया वक्फ बिल अब एक नए स्वरूप में फिर से लाया जाएगा। जेपीसी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन गठबंधन के सदस्यों की ओर से प्रस्तावित सभी संशोधनों को स्वीकार कर लिया तो वहीं विपक्षी सांसदों की ओर से पेश किए गए हर बदलाव को नकार दिया है। जेपीसी ने सोमवार दोपहर वक्फ संशोधन विधेयक को 14 बदलावों के साथ मंजूरी दे दी। यह विधेयक पिछले साल अगस्त में सदन में पेश किया गया था। समिति में सत्तारूढ़ भाजपा के जगदंबिका पाल के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने 44 संशोधनों का प्रस्ताव रखा था, लेकिन सभी को अस्वीकार कर दिया गया। 14 प्रस्तावित बदलावों पर 29 जनवरी को मतदान होगा।

### संशोधन विधेयक में खास प्रस्ताव

- गैर-मुस्लिम और कम से कम दो महिला सदस्यों को किया जाएगा नामित
- केंद्रीय वक्फ परिषद में एक केंद्रीय मंत्री और तीन सांसद को शामिल करेंगे
- दो पूर्व जज, 4 राष्ट्रीय ख्याति वाले लोग, सरकारी अधिकारी भी शामिल होंगे
- नए नियमों के तहत वक्फ परिषद भूमि पर दावा नहीं

### कल होगी अगली बैठक

*अब संसद जेपीसी की अगली बैठक 29 जनवरी, 2025 को होगी, जब कमेटी के सदस्यों को मौजूदा संशोधन के साथ बिल ड्राफ्ट रिपोर्ट्स सौंपी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, बिल की यह ड्राफ्ट रिपोर्ट करीब 500 से ज्यादा पन्नों की है। हालांकि, अगर कमेटी में मौजूद विपक्षी सांसद इस पर अपना विरोध दर्ज करवाते हैं, जिसको डीसेंट नोट कहते हैं तो उनके विरोध का हिस्सा भी इस ड्राफ्ट रिपोर्ट में शामिल कर लिया जाएगा।*

# सुप्रीम कोर्ट के आदेश से 20 दिन बाद करकापाल में दफनाया गया शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दरभा थाना क्षेत्र के छिंदावाड़ा में ईसाई समुदाय के ग्रामीण की मौत के बाद भारी विवाद हुआ था। शव दफनाने को लेकर हुए विवाद के बाद परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर करते हुए शव को गांव के श्मशान में दफनाने की मांग की थी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद देर शाम गांव की बजाए जगदलपुर शहर से लगे करकापाल कब्रिस्तान में भारी सुरक्षा के बीच शव दफन किया गया। गौरतलब है कि छिंदावाड़ा निवासी सुभाष बघेल की मौत बीते 7 जनवरी ▶▶|शेष पेज 7 पर

- डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में सुरक्षित रखा गया था शव
- भारी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार



### परिजनों व ग्रामीणों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दरभा पुलिस व प्रशासन की टीम ने इसकी खबर मृतक के परिजनों को दी। इसके बाद देर शाम करकापाल में परिजनों व ग्रामीणों की मौजूदगी में शव दफन किया गया। जनजाति सुरक्षा मंच के संयोजक महादेव नाग ने बताया कि गांव में शव दफनाने के विरोध में मंच की ओर से बिलासपुर हाईकोर्ट के वकील ने पैरवी की थी।

**286 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला**

# ईडी का बड़ा एक्शन, शेरोन बायो की 80 करोड़ की संपत्तियां कुर्क

एजेंसी ▶▶| मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय के मुंबई जोनल कार्यालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। शेरोन बायो मेडिसिन लिमिटेड और अन्य के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए 79.78 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की। यह मामला फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंकों से 286 करोड़ रुपए से जुड़ा है। अटैच की गई संपत्तियां नवी मुंबई, मुंबई, सातारा, रायगढ़ और उत्तराखंड के देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी गढ़वाल में स्थित हैं।





### जांच में सामने आए तथ्य

शेरोन बायो मेडिसिन लिमिटेड के तत्कालीन निदेशक मोहन काला, सविता गौड़ा और ललित मिश्रा ने स्टॉक स्टेटमेंट, बैलेंस शीट और रिकॉर्ड्स में हेरफेर की। फर्जी बिक्री और खरीद के लेनदेन के जरिये बैंकों से बड़ी रकम का लोन लिया। बैंकों से मिले फंड को शेल कंपनियों के माध्यम से डायवर्ट किया गया।

## आईसीसी ने की सालाना पुरस्कार की घोषणा

# बुमराह और मंधाना टेस्ट-वनडे के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी





एजेंसी ▶▶| दुबई

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का साल का सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुना गया जबकि आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय खिलाड़ी चुना गया जिससे सोमवार को आईसीसी व्यक्तिगत पुरस्कारों में भारतीय क्रिकेटरों का दबदबा रहा। आईसीसी ने शुक्रवार को शुरू हुई प्रक्रिया को जारी रखते हुए सोमवार को तीन और पुरस्कार विजेताओं ▶▶|शेष पेज 7 पर

**13 मैच में 71 विकेट**

**70 विकेट लेने वाले चौथे भारतीय**

'साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार हासिल करके मैं बहुत खुश हूं। यह प्रारूप हमेशा मेरे दिल के करीब रहा है। पिछला साल काफी खास रहा, बहुत कुछ सीखने और जीतने का मौका मिला। मैं इस साल बहुत क्रिकेट खेलकर खुश हूं और बहुत सारे विकेट विशेष रहे हैं। लेकिन विशाखापत्तनम में ओली पोप का विकेट बेहद विशेष था क्योंकि इससे लय हमारे पक्ष में हो गई।'

-जसप्रीत बुमराह





### स्मृति को दोहरा खिताब

करिश्माई सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने भारतीय प्रशंसकों को जश्न मनाने का और मौका दिया जब उन्हें साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय क्रिकेटर चुना गया। इससे पहले वह ▶▶|शेष पेज 7 पर

'मैं आईसीसी को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने मुझे आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय क्रिकेट के सम्मान के लिए चुना। मुझे टीम में योगदान देकर खुशी हुई। मैं अपने कोच और परिवार को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं और सबसे महत्वपूर्ण टीम के साथी खिलाड़ी जो हर उतार-चढ़ाव में मेरे साथ रहे।

-स्मृति मंधाना



# ग्रामीण/शहरी रणभूमि

## भाजपा की नाकामी और वादाखिलाफी पर लड़ा जाएगा चुनावः दीपक बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा यह स्थानीय निकाय चुनाव भाजपा सरकार की नाकमी और वादाखिलाफी पर लड़ा जायेगा। पिछले 1 साल में भाजपा की साय सरकार जनता की उम्मीदों पर विफल साबित हो चुकी है। सरकार से युवा, किसान, महिला, मजदूर, विद्यार्थी, अनुसूचित जाति, जनजाति हर वर्ग के लोग निराश है।

## कांग्रेस प्रत्याशी चुनकर आए तो केवल भ्रष्टाचार ही करेंगेः कश्यप



मंत्री केदार कश्यप ने कहा, अब तक का कांग्रेस का इतिहास रहा है कि जब वह संगठन में रहते हैं तो टिकटों की खरीदी बिक्री करके पैसों की लूट करते हैं। जब सत्ता में रहते हैं तो गरीब जनता को नोच कर, भ्रष्टाचार के माध्यम से पैसा अर्जित करते हैं। कुल मिलाकर कांग्रेस का एजेंडा केवल लूट है।



● रायगढ़ निकाय चुनाव

रायगढ़ के निकाय चुनाव में वार्ड नंबर 17 के पार्षद सलीम नियारिया अजेय माने जाते हैं। उन्होंने जब से पार्षद का चुनाव लड़ा है तब से वे लगातार जीत रहे हैं। 30 साल के राजनीतिक सफर में उन्होंने कभी हार का सामना नहीं किया है। 1994 में उन्होंने सबसे पहले निर्दलीय चुनाव लड़ा था, इसके बाद से वे लगातार जीत रहे हैं। जानकर हैरत होगी कि उनके वार्ड में सबसे ज्यादा ब्राह्मण और मारवाड़ी वोटर्स की बहुलता है, जबकि मुस्लिम वोटर सबसे कम संख्या में हैं। बावजूद इसके उन्हें कभी हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

# वार्ड में ब्राह्मण और मारवाड़ी वोटर की बहुलता, फिर भी 30 साल से मुस्लिम पार्षद सलीम नियारिया का कब्जा

## रायगढ़ के वार्ड नंबर 17 से अजेय योद्धा माने जाते हैं सलीम नियारिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

नगरीय निकाय चुनाव में इस साल रायगढ़ में 48 वार्डों के लिए वोटिंग होगी। शहर के लगभग सभी वार्डो से इच्छुक उम्मीदवार अपनी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। इन सबके बीच कांग्रेस के उम्मीदवार सलीम नियारिया अलग से पहचाने जाते हैं। सलीम पिछले 30 साल से अजेय योद्धा हैं। पिछली बार 2019 के चुनाव में भाजपा ने अनूप रतेरिया को टिकट दिया था। उससे पहले 2014 के चुनाव में बीजेपी से नितिन सिंघल लड़े थे लेकिन दोनों को जीत नहीं मिली।



1994 से लगातार बन रहे पार्षद, 2014 में सभापति भी बने

### सभापति भी बने

सलीम नियारिया ने पार्षद से लेकर सभापति बनने तक का सफर किया है। 2014 में चुनाव जीतने के बाद उन्हें सभापति बनाया गया। इस तरह नगर निगम में वे पहले मुस्लिम सभापति बने थे। बहरहाल, इस बार फिर से वार्ड नंबर 17 पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है, ऐसे में कांग्रेस से सलीम नियारिया फिर से इसी वार्ड से चुनाव लड़ेंगे।

### ऐसा रहा सलीम का राजनीतिक सफर

सलीम नियारिया 1991 में युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने। इसके बाद 1994 में पहली बार वार्ड नंबर 11 से चुनाव लड़े। अभी वार्ड नंबर 17 तब वार्ड नंबर 11 था। उस चुनाव में उन्होंने 32 वोट से जीत हासिल की। इसके बाद 1999 में उन्होंने कांग्रेस की टिकट से चुनाव लड़ा। उस दौर में वे 141 वोट से जीत गए। 2004 के निकाय चुनाव में 255, 2009 में 490 और 2014 में 248 वोट से अपने प्रतिद्विंदी को हराया। इसी तरह 2019 में 310 वोट से जीत दर्ज की।

● रोचक खबरें

## आरएन वर्मा ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीते, फिर कांग्रेस के समर्थन से बने 5 साल के मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ये बात है वर्ष 1994-95 में हुए दुर्ग निगम के चुनाव की, उस समय दुर्ग निगम में 48 वार्ड हुआ करते थे। कांग्रेस ने काफी मंथन के बाद सभी 48 वार्डों के प्रत्याशियों की घोषणा की। तामझाम के साथ सभी अधिकृत प्रत्याशियों ने नामांकन भरा, लेकिन निर्धारित समय में बी फार्म जमा नहीं होने की वजह से सभी प्रत्याशी निर्दलीय हो गए। उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा। समर्थन के आधार पर निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल करने वाले आरएन वर्मा को कांग्रेस के समर्थन से महापौर घोषित किया गया। वे निगम गठन के बाद पहले ऐसे महापौर बने, जिनका कार्यकाल पांच साल के लिए रहा। इतना ही नहीं आरएन वर्मा ने संतराबाड़ी वार्ड से चुनाव लड़ा। इस वार्ड में कांग्रेस ने उन्हें टिकट न देकर मुखतियार सिंह को टिकट दिया, बी फार्म जमा नहीं होने के बाद उनके समर्थन में ही कांग्रेस नेताओं ने प्रचार किया, लेकिन आरएन वर्मा ने पार्टी से बगावत करते हुए चुनाव लड़कर जीत हासिल की। बाद में वे कांग्रेस से समर्थन से ही महौपर बने। आज वे कांग्रेस के स्थापित नेता हैं। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी माने जाते हैं।



### मेयर की कुर्सी भी मिली भाग्य से

निकाय चुनाव में उनकी जीत और मेयर बनना और इतिहास रचना शायद उनके भाग्य में ही था। आरएन वर्मा मेयर की दौड़ में शुरू से नहीं थे। कांग्रेस ने चुनाव से पहले मेयर के लिए दो नाम रामानुजलाल यादव और खेमलाल सिन्हा में से किसी एक को महापौर बनाना पहले से तय कर रखा था, लेकिन दोनों ही चुनाव हार गए। उनके हारने से आरएन वर्मा का भाग्य उदय हुआ। इतना ही नहीं आरएन वर्मा ने जब महापौर की कुर्सी संभाली तो कार्यकाल ढाई वर्ष का तय था, लेकिन बाद में इसे सीधे बढ़ाकर पांच वर्षों का करने का निर्णय लिया गया। तब से निगम में महापौर पांच वर्ष के लिए चुने जाने लगे।

## निर्वाचन आयोग ने जारी किए चुनाव चिन्ह

# जिला पंचायत सदस्य लड़ेंगे पतंग, छाता और सीटी के निशान पर, जनपद के लिए झोपड़ी, आरी और भोंपू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में हो रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव चिन्ह जारी कर दिए हैं। खास बात ये है कि पंचायतों के चुनाव गैरदलीय आधार पर होते हैं। यानी इस चुनाव में प्रत्यक्ष तौर पर कोई राजनीतिक दल शामिल नहीं होतें है। इसलिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी को आयोग द्वारा तय किए गए चुनाव चिन्ह दिए जाते हैं।

### नाम और चिन्ह ही बनेंगे पहचान

पंचायत चुनाव गैर दलीय होने की स्थिति में यह चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को केवल अपने नाम और चुनाव चिन्ह के दम पर मतदाताओं के बीच पहचान बनानी होगी। लिहाजा प्रत्याशियों को अपने चुनाव चिन्ह को सभी मतदाताओं तक पंहुचाने के लिए भारी मशक्कत करनी होगी। चुनाव की आचार संहित लागू होने की स्थिति में अब दीवारों पर वाल राइटिंग नहीं करवा सकते हैं और न ही पोस्टर बैनर लगा सकते हैं। पोस्टर बैनर और वाल राइटिंग नजर आने पर उन्हें हटाए जाने के साथ संपत्ति विरुपण के मामले भी बन सकते हैं।

### गैर दलीय चुनाव सब होंगे निर्दलीय प्रत्याशी



### ये है जनपद पंचायत सदस्यों के चुनाव चिन्ह

जनपद पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को उनके नामांकन के बाद प्रतीक चिन्ह बांटे जाएंगे। जिला पंचायद सदस्य के लिए ब्लैक बोर्ड, बरगद का पेड़, झोपड़ी, ट्रेक्टर चलाता किसान, तराजू, फसल काटता किसान, मशाल, अलमारी, सीलिंग फैन, टेलीविजन, रेल का इंजन, टेलीफोन, डीजल पंप, प्रेशर कुकर, कप प्लेट, लैटर बॉक्स, आरी, कंघी, ढोलक, ड्रम, भोंपू, चारपाई, और दरवाजा चुनाव चिन्ह हैं।

### सरपंचों-पंच के चुनाव चिन्ह

सरपंच पद के प्रत्याशियों के लिए जो चुनाव चिन्ह तय है उनमें चश्मा, कांच का गिलास, फलों सहित नारियल का पेड़, हस्तचलित पंप, ताला और चाबी, अनाज बरसाता किसान, सब्जियों की टोकरी, घंटी, टेबल लैंप, खंभे पर ट्यूबलाइट, हार, किताब, स्टूल, कलम-दवात, कुआं, गेंहू की बाली, बस, पुल, नल, लट्टू, जग, हॉकी और गेंद, टोप, और वायलिन शामिल है। इसी तरह पंच पद के प्रत्याशियों को सीढ़ी, फावड़ा, बाल्टी, हल, कुल्हाड़ी, बिजली का स्विच, मक्के का भुट्टा, कैंची, केतली, और बेलन शामिल हैं।



### जिला पंचायत सदस्य लड़ेंगे इन निशानों पर

जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव में जो चिन्ह रखे गए हैं उनमें जो पत्ती, उगता सूरज, पतंग, छाता, गाड़ी, फावड़ा बेलचा, बिजली का बल्ब, सिलाई मशीन, हाथ चक्की, टेबल पंखा, स्लेट, रेडियो, हारमोनियम, दो तलवार एक ढाल, पिचकारी, मटका, अंगूठी, बल्ला, चाबी, मोमबत्तियां, कढ़ाई, सीटी, सिर पर टोकरी सहित औरत, लड़का लड़की, नाव, बेंच, गैस सिलेंडर, गैस स्टोव, सिगड़ी, संडसी, गैस बत्ती, गुब्बारा, मेज, कुर्सी, मोर पंख, पीपल का पत्ता, और सूरजमुखी शामिल हैं।

## चुनाव के पहले जाति प्रमाण पत्र को लेकर मचा हुआ है बवाल चुनाव लड़ने वाले हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



नगर पालिका कांकेर के वार्ड क्रमांक 17 के एक अभ्यर्थी का जाति का मामला गहरा गया है, इसके अलावा पंचायत चुनाव को लेकर यह चर्चा में है कि सर्व आदिवासी समाज ने माँग किया है कि अजजा वर्ग की महिला किसी अन्य जाति से शादी कर लिया है, उसे अजजा वर्ग से चुनाव लड़ने से वंचित किया जाए। सर्व आदिवासी समाज के इस आवेदन के आधार पर बस्तर कमिश्नर ने भी बस्तर संभाग के सभी कलेक्टर को पत्र लिख दिया। इसके बाद से मामला गरमाया हुआ है, बवाल यह किस तरह से ठहरेगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका कांकेर के वार्ड क्रमांक 17 कंकालिनपारा ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। इस वार्ड की पार्षद माला तिवारी ने नामांकन फार्म ओबीसी वर्ग से जमा किया, उस पर नगर पालिका के रिटर्निंग अधिकारी जीतेंद्र कुमार कुर्रे ने उनके नामांकन फार्म के चैक लिस्ट में यह लिख दिया है कि छग राज्य के प्राधिक्रत अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र ओबीसी का 28 जनवरी को 3 बजे तक जमा करे। इस विषय पर माला तिवारी के अधिवक्ता सुनील गोस्वामी का कहना है कि माला तिवारी का जन्म बिहार राज्य के पूर्वी चंपराण जिला में हुआ था और बिहार राज्य में भाट् भारत के राजपत्र के अनुसार ओबीसी में आते है और छत्तीसगढ़ राज्य में भी यह ओबीसी में आते है। प्रत्याशी के पिता व माता की जमीन बिहार में है, इसलिए वहीं का प्रमाण पत्र जमा किया है। उनका प्रमाण पत्र छत्तीसगढ़ में नही बन सकता है। आरओ ने चैकलिस्ट में छत्तीसगढ़ के प्राधिकृत अधिकारी से जारी जाति प्रमाणपत्र की मांग की है वह संभव नही है क्योंकि सभी किसी भी व्यक्ति के जाति प्रमाणपत्र उनके पैतृक स्थान के पूर्वजों के रिकॉर्ड के आधार पर तैयार किये जाते हैं। यदि प्रत्याशी को ओबीसी के तहत चुनाव लड़ने के मौलिक अधिकारों से वंचित किया जाता है तो, जिम्मेदार अधिकारियों व इस नियम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी जाएगी।

### पंचायत चुनाव में भी जाति को लेकर मचा हड़कंप

सर्व आदिवासी समाज के द्वारा ज्ञापन दिया गया था, जिसमें अजजा समाज की लड़की किसी दूसरे समाज के लड़के से शादी कर लेती है, उसे अजजा वर्ग से चुनाव न लड़ने दिया जाएं। सर्व आदिवासी समाज के ज्ञापन के आधार पर बस्तर संभाग के कमिश्नर ने संभाग के सभी कलेक्टर को भी इसके इंपलीमेंट के लिए आदेश जारी किया था। समाज की माँग को पंचायत के रिटनिंग आफीसर कितना मानते है, यह तो आने वाला समय बताएगा, परंतु मामला गरमाया हुआ है। इस विषय में दंतेवाड़ा के आरओ के द्वारा पत्र जारी कर दिए जाने के बाद से हडकंच मचा हुआ है। इसे भी कई लोग चैलेंज कर सकते है।

● टुकुन की नजर से...




# छह दलों ने मांगा पार्टी का चुनाव चिन्ह, निर्वाचन आयोग की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव दलीय आधार पर हो रहे हैं। इन चुनावों में मुख्य मुकालबला राज्य की सत्ताधारी भाजपा और कांग्रेस के बीच होने की संभावना है। इन दलों के प्रत्याशी अपनी पार्टी के अधिकृत चुनाव चिन्ह कमल और पंजा छाप पर लडेंगे। लेकिन इन दलों से अलग छह पार्टी ने अपने अपने दलों के लिए पार्टी के प्रतीक चिन्ह देने की मांग छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से की है।

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की प्रदेश इकाई की ओर से सत्य नारायण कमलेश ने आयोग को भेजे गए पत्र में कहा है कि पार्टी को बाल-हंसिया चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाए। इस आवेदन में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना में कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंजिया रजिस्ट्रीकृत मान्यता प्राप्त राज्यीय दल प्रतीक चिन्ह बाल और हंसिया अंकित है। इस आवेदन में छत्तीसगढ़ नगर पालिका निर्वाचन नियम के हवाले से कहा गया है कि किसी मान्यता प्राप्त राजनीतिक द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थी को केवल वही प्रतीक चिन्ह आवंटित किया जाएगा जो उस दल के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव ने इस संबंध में आदेश जारी किया है कि कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया को उनका चुनाव चिन्ह आवंटित एवं आरक्षित किया गया है।

### इन दलों ने भी मांगा चुनाव चिन्ह

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के अलावा अन्य दलों अखिल भारतीय स्वराज दल, सुंदर समाज पार्टी, अंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया, लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी और शिवसेना ने इसी प्रकार का आवेदन आयोग को दिया है। आयोग ने अलग-अलग आदेश जारी कर आवेदन करने वाले दलों को उनकी पार्टी के चुनाव चिन्ह जारी करने की बात कही है।

### निर्दलीय प्रत्याशी इन चिन्हों पर लड़ेगें चुनाव

उल्लेखनीय है कि आयोग द्वारा पूर्व में निर्दलीय प्रत्याशियों के लिए अलग-अलग चुनाव चिन्ह जारी कर दिए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर पालिक निगम के मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायतों के पार्षदों के लिए दो भागों में चुनाव चिन्ह तय किए हैं।

# निगम चुनाव बिलासपुरः 11 दिनों में 70 वार्डों के 5 लाख से अधिक वोटरों तक पहुंचने की होगी चुनौती

निगम चुनाव की घोषणा के साथ ही शहरी सरकार के लिए हलचल तेज हो गई है। इस बार चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों को बहुत कम समय दिया है। चुनाव की घोषणा से मतदान की तारीख के बीच महज 21 दिनों का समय है। इसमें भी 31 जनवरी को नाम वापसी है और 11 फरवरी को वोटिंग है तो प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के लिए सिर्फ 11 दिन ही मिलेंगे। इन 11 दिनों में दोनों ही बड़ी पार्टियों भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों को 70 वार्डों के 5 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचना होगा। जाहिर है यह मुश्किल ही होगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नामों की घोषणा के बाद नामांकन दाखिल करने और नाम वापसी इत्यादि में चार से पांच दिन निकल जाएंगे। सभी प्रत्याशी एक-दो फरवरी से ही पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर पाएंगे। मतदान के 48 घंटे पहले प्रचार थम जाएगा। लिहाजा प्रत्याशियों को प्रचार-प्रसार के लिए केवल 10 से 11 दिन का ही समय मिलेगा। प्रचार के लिए कम समय मिलने के कारण अधिकांश दावेदार अभी से चिंता में है। इस बार वार्डों का परिसीमन भी हुआ है। कई वार्डों में मतदाता कम हो गए हैं तो कई में दूसरे वार्डों के मतदाता जोड़े गए हैं। गौरतलब है कि बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र में कुल 70 वार्ड आते हैं। इसमें कुल 5 लाख 6 हजार 162 मतदाता है। इसमें 2 लाख 49 हजार 231 पुरुष मतदाता तो 2 दो लाख 47 हजार 825 महिला मतदाता शामिल हैं। 2019 के निकाय चुनाव की बात करें तो कुल 66 वार्ड थे जिन्हें बाद में बढ़ाकर 70 किया गया। परिसीमन के बाद जो स्थिति बनी उसमें 24 वार्ड नए शामिल पंचायतों को मिलाकर बनाए गए तो 36 वार्ड शहरी क्षेत्र में हैं। कुल 26 वार्डों में 4 वार्ड तखतपुर विधानसभा के 8 वार्ड बिल्हा विधानसभा में और 12 वार्ड बेलतरा विधानसभा के तो 2 वार्ड मस्तूरी विधासनभा के अंतर्गत आते हैं।

### आरक्षण ने बिगाड़ा दावेदारों का गणित




इस वजह से परिसीमन से प्रभावित वार्ड के दावेदारों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। आरक्षण के कारण भी कुछ वार्ड सामान्य से महिला हो गए हैं। इसलिए बहुत से लोग महिलाओं को मैदान में उतारने की तैयारी कर रहे हैं। जो परिवार की महिला सदस्य को चुनाव लड़ाने के पक्ष में नहीं है, वे अब दूसरे वार्डों से दावेदारी कर रहे हैं। इधर, नए दावेदारों ने आवेदन शुरू कर दिया है। वार्ड नंबर 33 से प्रियांशा पॉल ने बाकायदा आवेदन

### कम समय मिलेगा खर्च भी कम होंगे

इस बीच कुछ दावेदारों का कहना है कि कम समय होने के कारण खर्च कम होगा और प्रत्याशी पूरी शिद्दत के साथ प्रचार-प्रसार कर पाएंगे। आमतौर पर ज्यादा समय होने पर प्रत्याशी प्रचार में ढिलाई करते हैं और आखिरी के 10-15 दिनों में ही युद्ध स्तर पर भिड़ते हैं। इस बार कम समय मिलने के कारण प्रत्याशी ज्यादा से ज्यादा डोर टू डोर जनसंपर्क करेंगे। होर्डिंग, बैनर और प्रचार के अन्य माध्यमों पर कम खर्च करना पड़ेगा। दावा किया जाता है कि नगर निगम चुनाव में ज्यादातर प्रत्याशी 25 से 30 लाख के बीच खर्च करते हैं। कुछ बड़े और हाईप्रोफाइल वार्ड में खर्च 50 से 60 लाख तक पहुंच जाता है। पिछले चुनाव में एक-दो वार्डों में अधिकतम एक करोड़ तक खर्च करने का हल्ला था। इस बार वार्ड पार्षदों के लिए अधिकतम खर्च की सीमा 8 लाख तय है। पिछले चुनाव में खर्च की सीमा 5 लाख रुपए थी।

# शादी में घुसे बिन बुलाए बाराती...

एजेंसी ⏭ मुंबई

इंडस्ट्री के दो सबसे प्रतिभाशाली कलाकार यामी गौतम और प्रतीक गांधी नेटफ्लिक्स की 'धूम धाम' के लिए साथ आए हैं। कुछ दिनों पहले



निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी किया था, जिसके बाद से दर्शक इसके ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे। वहीं, आज आखिरकार निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें प्रतीक और यामी की मस्त जुगलबंदी देखने को मिली। आज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने फिल्म का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। धूम धाम एक रोमांटिक कॉमेडी है। ट्रेलर की शुरुआत एक शादीशुदा जोड़े से होती है, जो अपनी सुहाग रात के लिए एक कमरे में हैं, लेकिन एक आदमी आता है और उनसे चार्ली के बारे में पूछना शुरू कर देता है।

## 'द स्टोरीटेलर' डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आज होगी रिलीज

# इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाएंगी फिल्में और वेब सीरीज



*मुंबई। जनवरी के आने वाले दिन मनोरंजन से भरपूर होंगे, क्योंकि कुछ बहुप्रतीक्षित शो और फिल्में रिलीज होने वाली हैं। द स्टोरीटेलर से लेकर आइडेंटिटी तक, सब कुछ अब आप घर बैठे देख सकते हैं तो अपनी बिंज लिस्ट बनाने के लिए तैयार हो जाइए। नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, डिज्नी प्लस हॉटस्टार, जी5 और अन्य स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर इस हफ्ते रिलीज वाली फिल्मों और वेब सीरीज का नाम नोट कर लीजिए।*

**द स्टोरीटेलर:** 'द स्टोरीटेलर' फिल्म सत्यजीत रे की बंगाली लघु कथा गोलपो बोलिये तारिणी खुरो पर आधारित है। यह एक धनी व्यवसायी के जीवन पर आधारित है, जो अपनी अनिद्रा से निपटने के लिए एक कहानीकार को काम पर रखता है, जो अधिक दिलचस्प साबित होता है। फिल्म में परेश रावल, आदिल हुसैन, तनिष्ठा चटर्जी, नसीरुद्दीन शाह और रेवती मेनन मुख्य भूमिकाओं में हैं। द स्टोरीटेलर 28 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

**आइडेंटिटी :** मलयालम फिल्म 'पहचान' में एक स्केच आर्टिस्ट और एक पुलिस अधिकारी को दिखाया गया है, जो एक मायावी हत्यारे की पहचान उजागर करने के लिए मिलकर काम करते हैं। फिर वे उसके चेहरे के विवरण का उपयोग करते हैं, जो क्रूर अपराध के एक चश्मदीद की यादों में अंकित हो जाता है। फिल्म में टोविनो थॉमस, तृषा कृष्णन, विनय राय, अर्चना कवि, मंदिरा बेदी और संजय दत्त प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आइडेंटिटी 31 जनवरी को जी5 पर रिलीज होगी।




**योर फ्रेंडली नेबरहुड स्पाइडर-मैन :** एक नई एनिमेटेड सीरीज 'योर फ्रेंडली नेबरहुड स्पाइडर-मैन' एक युवा पीटर पार्कर को दिखती है, जो कॉमिक बुक-स्टाइल फ्लेयर के साथ हीरो बनने की उसकी यात्रा को दिखती है। यह सीरीज 29 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आने के लिए तैयार है।



**द सीक्रेट ऑफ द शिलेदार्स :** 'द सीक्रेट ऑफ द शिलेदार्स' सीरीज एक गुप्त समाज को दर्शाती है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज से संबंधित एक छिपे हुए खजाने को उजागर करती है। इस शो में साईं ताम्हणकर, राजीव खंडेलवाल और आशीष विद्यार्थी मुख्य भूमिकाओं में हैं। द सीक्रेट ऑफ द शिलेदार्स 31 जनवरी को रिलीज होगी।




**पुष्पा- 2 :** पुष्पा के प्रशंसक आखिरकार नेटफ्लिक्स पर बहुप्रतीक्षित पुष्पा 2 देख सकते हैं, क्योंकि एक्शन से भरपूर यह फिल्म सिनेमाघरों में अपने प्रदर्शन के बाद डिजिटल डेब्यू कर रही है। फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, फहद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म 30 जनवरी, 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# टीवी से करियर की शुरुआत कर बॉलीवुड में छा गए

*मुंबई। जल्द ही फिल्म 'देवा' में शाहिद कपूर के साथ एक्टर प्रवेश राणा भी नजर आएंगे। इस एक्टर के एक्टिंग करियर की शुरुआत की बात की जाए तो 'बिग बॉस' और 'इमोशनल अत्याचार' जैसे रियालिटी शो में ये नजर आए। इसके बाद ही फिल्मों का रूख किया। ऐसे ही कई नामी स्टार भी हैं, जिन्होंने टीवी सीरियल्स के जरिए ही अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। जानिए, ऐसे ही कुछ कलाकारों के बारे में।*

***शाहरुख खान :*** बॉलीवुड के बादशाह बन चुके शाहरुख खान ने थिएटर के बाद टीवी सीरियल्स में कदम रखा। शाहरुख खान 'सर्कस' और 'फौजी' जैसे हिट टीवी सीरियल्स का हिस्सा बने। इन सीरियल्स की वजह से वह लाइमलाइट में आए और बाद में उन्हें फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

***आर माधवन :*** आर माधवन ने भी अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत टीवी सीरियल्स के जरिए ही की थी। वह 'यूले लव स्टोरी' और 'बनेगी अपनी बात' जैसे सीरियल्स में शुरुआत में नजर आए। इसके अलावा भी उन्होंने अलग-अलग जॉनर के टीवी सीरियल्स किए। फिर वह फिल्मों में छोटे किरदारों में दिखे लेकिन 'रहना है तेरे दिल में' ने उन्हें बॉलीवुड में एक चर्चित नाम बना दिया।



***विद्या बालन :*** 'डर्टी पिक्चर' और 'कहानी' जैसी फिल्मों में अपनी उम्दा अदाकारी दिखाने वाली विद्या बालन ने टीवी पर कॉमेडी सीरियल 'हम पांच' से शुरुआत की थी। वह इसमें एक सिंपल लड़की के रोल में नजर आईं। फिर बंगाली फिल्मों की तरफ रूख किया और बाद में बॉलीवुड में कदम रखा।

***इरफान खान :*** इरफान खान हमारे बीच अब नहीं है लेकिन उन्होंने टीवी और फिल्म दोनों ही जगह उम्दा काम किया। इरफान ने भी टीवी से अपने करियर की शुरुआत की, वह 'श्रीकांत', 'भारत एक खोज' और 'चंद्रकांता' जैसे कई और टीवी सीरियल्स में दिखे। बाद में बॉलीवुड में आए और बड़े पर्दे पर छा गए।

# 'स्काई फोर्स' ने भरी उड़ान, 100 करोड़ रुपए की ओर बढ़ी फिल्म

**मुंबई।** अक्षय कुमार और वीर पहारिया की एरियल एक्शन ड्रामा स्काई फोर्स बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है और अपने पहले वीकएंड में भी मजबूत पकड़ बनाए हुए है।

24 जनवरी को रिलीज होने के तीन दिनों के भीतर फिल्म ने 61.75 करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर ली है, जो दर्शकों के बीच इसकी बढ़ती लोकप्रियता की ओर इशारा कर रहा है। दो दिन की दमदार कमाई के बाद रविवार को तीसरे दिन भी फिल्म ने मजबूती के साथ कमाई की। तीसरे दिन फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 31.60 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके साथ ही वैश्विक स्तर पर भी फिल्म का जलवा कायम है। अब निर्माताओं ने फिल्म की कमाई के आधिकारिक आंकड़े जारी किए हैं। अब यह फिल्म 100 करोड़ रुपये के क्लब



में शामिल होने की ओर कदम बड़ा चुकी है। निर्माताओं के अनुसार, फिल्म ने अपने पहले तीन दिनों में वैश्विक स्तर पर सकल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन (जीबीओसी) में 92.90 करोड़ रुपये कमाए हैं।

# 'टीना-टप्पर' की कहानी से प्रभावित हो रहे दर्शक, सिनेमाघर हाउसफुल

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ी कॉमेडी से भरपूर संदेशप्रद पारिवारिक फिल्म टीना-टप्पर शुक्रवार को प्रदेशभर के 67 सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित की गई है। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिशत मिल रहा है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी सिनेमाघरों में फिल्म हाउसफुल रही। कक्षा दसवीं के टॉपर के एक मामूली होटल में काम करने और संपन्न परिवार की टीना से उसकी प्रेम कहानी के साथ ही फिल्म में अमलेश नागेश की कॉमेडी का देशी तड़का दर्शकों को प्रभावित कर रहा है।

***मनोरंजन से भरपूर :*** फिल्म देखकर निकले दर्शकों ने इस फिल्म की कहानी की सराहना की। दर्शकों ने कहा कि यह फिल्म मनोरंजन से भरपूर है। वहीं इस फिल्म से सीख मिलती है कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। फिल्म की कहानी में नायक दसवीं के टॉपर होने के बाद भी होटल में काम करता है। इस फिल्म की कहानी में कई संदेश है।



***नागपुर में भी फिल्म की धूम:*** फिल्म टीना-टप्पर छत्तीसगढ़ के 67 सिनेमाघरों के अलावा नागपुर के जयश्री टॉकिज में भी प्रदर्शित की गई है। नागपुर में भी इस फिल्म को दर्शकों की सराहना मिल रही है।

***आसपास क्षेत्र से पहुंच रहे दर्शक :*** फिल्म टीना-टप्पर की कहानी और इसके फिल्मांकन को लेकर दर्शकों के बीच फिल्म की चर्चा होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी सैकड़ों दर्शक फिल्म टीना-टप्पर देखने पहुंच रहे हैं।

***कई बड़े सेंटरों में भी हाउसफुल :*** छत्तीसगढ़ प्रदेश के कई बड़े सेंटर रायपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, जांजगीर-चांपा, कवर्धा, धमतरी, जगदलपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर जैसे क्षेत्र में भी फिल्म थियेटर में हाउसफुल चल रही है।

## हनुमंत लमानी बने नए सीजन के विजेता

**मुंबई।** बिग बॉस कन्नड़ सीजन 11 का ग्रैंड फिनाले बेहद रोमांचक और



मनोरंजन से भरा हुआ था। हनुमंत लमानी ने विजेता के तौर पर ट्रॉफी अपने नाम कर फिनाले में इतिहास रच दिया। हनुमंत लमानी की जीत ने बिग बॉस कन्नड़ के इतिहास में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। वह बिग बॉस कन्नड़ के सभी सीजन को मिलाकर पहले वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट हैं, जिन्होंने इस शो को जीता है। उन्होंने 50 लाख रुपये का पुरस्कार जीता। उनका सफर शुरू से ही चुनौतीपूर्ण था, लेकिन उनकी मेहनत, विनम्रता और टैलेंट ने उन्हें दर्शकों के बीच एक खास पहचान दिलाई।



# सिद्धार्थ संभालेंगे किंग की कमान...

**मुंबई।** शाहरुख खान की आगामी फिल्म 'किंग' का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद करेंगे। दो साल बाद दोनों एक साथ फिर काम करते नजर आएंगे। इससे पहले शाहरुख खान और सिद्धार्थ ने साल 2023 की फिल्म 'पठान' में साथ काम किया था।

इससे पहले कहा जा रहा था कि सुजॉय घोष फिल्म का निर्देशन कर सकते हैं। रविवार को दुबई में ग्लोबल विलेज इवेंट में अभिनेता शाहरुख खान ने खुद खुलासा किया कि सिद्धार्थ आनंद उनकी आगामी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं।

एक्स पर अभिनेता के एक फैन क्लब द्वारा वीडियो शेयर किया गया, जिसमें अभिनेता कहा कि वह 'किंग' पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी मुंबई में इसकी शूटिंग कर रहा हूं, जब मैं वापस जाऊंगा... मेरे निर्देशक सिद्धार्थ आनंद बहुत प्यारे हैं। उन्होंने 'पठान' बनाई।

# सिर्फ 10 रुपए थी पहली फिल्म की फीस...

**मुंबई।** एक्ट्रेस ने बॉलीवुड के सभी सुपरस्टार्स के साथ काम किया। इसके बाद देखते ही देखते सबसे ज्यादा फीस लेने वाली हीरोइन बन गईं। हम जिनकी बात कर रहे हैं, वह कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस रह चुकीं जया प्रदा हैं।

उन्होंने बहुत कम उम्र में एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और फिर टॉप एक्ट्रेस बन गई थीं। जया प्रदा की खासियत यह है कि वह जिस भी किरदार को निभाती हैं, उसमें पूरी तरह से डूब जाती हैं। इस वजह से उनकी



तगड़ी फैन फॉलोइंग है। करीब 300 फिल्मों में काम कर चुकीं जयाप्रदा को पहली फिल्म में कितनी फीस मिली थी? यह जानकर आप हैरान रह जाएंगे। महज 13 साल की उम्र में इन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। जयाप्रदा पहली बार फिल्म भूमि कोसम में नजर आई थीं। वैसे यह कोई हिंदी नहीं, बल्कि एक तेलुगु फिल्म थी और इसके लिए उन्हें बतौर फीस 10 रुपए दिए गए थे।




## 'रामायण' में हुई शोभना की एंट्री

**मुंबई।** फिल्म रामायण को लेकर लगातार कोई ना कोई जानकारी



सामने आ रही है। अब फिल्म में रावण की मां कैकसी के किरदार से पर्दा उठ गया है। कैकसी के रोल में साउथ अभिनेत्री नजर आएंगी। फिल्म रामायण में रणबीर कपूर प्रभु राम और साईं पल्लवी माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। अब इस फिल्म में कैकसी के किरदार को लेकर जानकारी आई है। रामायण में कैकसी का किरदार साउथ की दिग्गज अभिनेत्री निभाएंगी। आइए जानते हैं रामायण में कौन निभाएगा कैकसी का किरदार। पद्म भूषण पुरस्कार विजेता साउथ अभिनेत्री शोभना को कथित तौर पर रावण की मां कैकसी के रूप में चुना गया है। कल्कि 2898 एडी में अपनी शक्तिशाली स्क्रीन उपस्थिति के लिए जानी जाने वाली, शोभना के लुक को इस भूमिका के लिए चुना गया है।



## चिंतन

# भारत और इंडोनेशिया के संबंध नई ऊंचाई की ओर

भारत और इंडोनेशिया करीब दो हजार वर्षों से पुराने अपने संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। सामरिक रूप से भारत के अहम साझेदार इंडोनेशिया सांस्कृतिक रूप से भारत के बहुत करीब है। इस बार गणतंत्र दिवस की परेड में मुख्य अतिथि के तौर पर भारत आए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, इस दौरान कई अहम समझौते पर हस्ताक्षर हुए। विनिर्माण, डिजिटल, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, सुरक्षा व सामरिक क्षेत्र में दोनों देश मिलकल काम करेंगे। भारत डिफेंस विनिर्माण में इंडोनेशिया को सहयोग करेगा। दोनों मुल्क समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और आतंकवाद से निपटने में आपस में सहयोग करेंगे। दोनों देशों के बीच फिनटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी है। भारत इंडोनेशिया के साथ स्वास्थ्य व खाद्य सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां साझा करेगा, दोनों देशों की आपदा प्रबंधन एजेंसियां संयुक्त अभ्यास करेंगी और इंडोनेशिया के प्रम्बानन हिंदू मंदिर के संरक्षण में भारत सहयोग देगा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो अपनी भारत यात्रा से इतने गदगद हैं कि उन्होंने कहा कि उनके देश के भारत के साथ गहरे सभ्यतागत संबंध हैं और कई इंडोनेशियाई लोगों के नाम संस्कृत में हैं। उनका 'डीएनए' भारतीय है। सुबियांतो के शब्दों में, भारत उन पहले देशों में से एक था, शायद पहला देश, जिसने हमारी स्वतंत्रता को मान्यता दी, स्वतंत्रता के लिए हमारे संघर्ष में हमारा समर्थन किया, हम कभी नहीं भूलेंगे कि भारत ने हमारी मदद के लिए क्या किया। सुबियांतो ने कहा कि स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, संस्कृति, क्षमता निर्माण, रक्षा, सुरक्षा, डिजिटल सहयोग, समुद्री सुरक्षा के अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हमारे बीच घनिष्ठ समझ विकसित हुई है और हम अपने सभी महत्वपूर्ण समझौतों और आम सहमति को क्रियान्वित करना चाहेंगे। सुबियांतो का उदगार भारत व इंडोनेशिया के बी मजबूत संबंधों की गवाही है। चीन को देखते हुए भारत के लिए इंडोनेशिया सामरिक रूप से अहम है। दोनों देशों के बीच बढ़ती दोस्ती चीन को एक संदेश भी है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया को 10 देशों के आसियान ब्लॉक के साथ-साथ इंडो-पैसिफिक में भारत का महत्वपूर्ण साझेदार बताया है। यह भी कहा कि दोनों देश इस क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध हैं। नौवहन की स्वतंत्रता अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुरूप सुनिश्चित की जानी चाहिए। भारत कई देशों को हथियार बेच रहा है। अब इस सूची में इंडोनेशिया भी शामिल है। इंडोनेशिया को हथियार आपूर्ति करते हुए भारत चीन को घेरने की कोशिश में है। भारत के ब्रह्मास्त्र कहे जाने वाले ब्रह्मोस मिसाइल को इंडोनेशिया खरीदने जा रहा है, दोनों देशों के बीच इस पर सौदा भी हो चुका है। दरअसल, हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन का दबदबा कम करने के लिए भारत अपने पड़ोसी मुल्कों के साथ संबंध बेहतर बनाने में लगा है। जवाहरलाल नेहरू और इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो को एक साथ अप्रैल 1955 में इंडोनेशिया के बांडुंग सम्मेलन के दौरान गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नाम) की स्थापना का श्रेय दिया जाता है। आसियान में इंडोनेशिया भारत का बड़ा भागीदार है। सबांग पोर्ट का विकास भारत को दक्षिण पूर्व एशिया के साथ व्यापार कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के अवसर प्रदान करेगा। ट्रेड क्षेत्र में दोनों देशों के बीच अनेक मौके हैं। भारत को अधिक प्रभावी ढंग से इंडोनेशिया में उपलब्ध अवसर का फायदा उठाना चाहिए।



**अमेरिका**
प्रभात कुमार रॉय

# वैश्विक दायित्वों से भाग रहे ट्रंप

> राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिकी टैरिफ पर कहा,वह दूसरे मुल्कों से आयात किए जाने वाले माल पर कहीं अधिक टैरिफ और टैक्स आयद करके अपने अमेरिका को समृद्ध बनाएंगे। अमेरिका की आर्थिक तरक्की को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप का नजरिया एकदम संकीर्ण और अंधराष्ट्रवादी रहा है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से अमेरिका को बाहर निकाल कर राष्ट्रपति ट्रंप ने सिद्ध कर दिया है कि उनकी विश्व स्वास्थ्य कल्याण में कदापि कोई रुचि नहीं रही है। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 2015 में ही पर्यावरण पर अंजाम दी गई अंतरराष्ट्रीय पेरिस संधि से बाहर आ चुका था। जो बिडेन ने फिर से पेरिस संधि में शामिल होना का निर्णय लिया था। पर्यावरण संरक्षण में ट्रंप की कभी कोई पहल नहीं रही।

डोनाल्ड ट्रंप दूसरी दफा अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर विराजमान हो चुके हैं। ट्रम्प ने राष्ट्रपति की हैसियत से अपनी पहली तकरीर में प्रशासन की नीतियों का ऐलान किया। राष्ट्रपति ने बड़े जोश ओ खरोश से फरमाया कि अमेरिका का स्वर्ण युग अब प्रारंभ हो रहा है। अमेरिका आने वाले दौर में विश्व पटल पर एक अत्यंत समृद्ध और सम्मानित राष्ट्र के तौर पर निर्मित होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर आसीन होते ही ट्रंप द्वारा करीब 100 कार्यकारी आदेशों पर दस्तखत किए। इन प्रशासनिक आदेशों के तहत अमेरिकन राष्ट्रपति द्वारा जो सबसे विशिष्ट हुक्मनामे जारी किए हैं, वो अमेरिका की इमीग्रेशन, एनर्जी, इकोनामी और जेंडर से जुड़ी जटिल समस्याओं पर जारी किए गए हैं। अमेरिका - मेक्सिको सरहद पर डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नेशनल इमरजेंसी आयद करने का बाकायदा ऐलान कर दिया गया। डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी उद्घोषणा में कहा कि अमेरिका में अवैध प्रवेश पर अत्यंत सख्ती के साथ प्रतिबंध आयद कर दिया जाएगा। ट्रंप हुकुमत द्वारा अमेरिका में अवैध तौर पर निवास कर रहे हुए लाखों अप्रवासियों को उनके वतन वापस भेजने की कानूनी प्रक्रिया का तत्काल आगाज कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका में अवैध तौर पर बसने वालों में मेक्सिको मूल के अप्रवासियों की तादाद सबसे अधिक है। इसके बाद साल्वाडोर के अप्रवासियों का नाम आता है और फिर भारत के अप्रवासियों का नाम लिया जाता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकन हुकूमत के आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में रहने वाले तकरीबन पचास लाख से अधिक भारतीयों के मध्य लगभग सात लाख भारतवासी अमेरिका में अवैध तौर पर निवास कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप सरकार ने अमेरिका में प्रवासियों के जन्म लेने वाले बच्चों को भी जन्मजात नागरिकता प्रदान करने वाले कानून खत्म करने का ऐलान किया है। अब 20 फरवरी 2025 के बाद प्रवासियों के घर जन्म लेने वाले बच्चों पर राष्ट्रपति ट्रंप का हुक्म लागू हो जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप की इमीग्रेशन पॉलिसी का जबरदस्त तौर पर प्रतिकूल प्रभाव भारतवासियों पर आयद होने वाला है। पहले ही बाइडन प्रशासन द्वारा तकरीबन बीस हजार भारतीय अप्रवासियों को अमेरिका से निष्कासित किए जाने का आदेश जारी कर दिया है। भारत से कॉरपोरेट सेक्टर में नौकरियों के लिए अमेरिका में जाने वाले भारतीयों के लिए जारी किए जा रहे एच-1बी अमेरिकन वीजा पर भी अभी तकरार जारी है। एच-1बी वीजा वस्तुत एक वर्क परमिट है, जो कि अमेरिका सरकार द्वारा केवल 3 वर्ष के लिए प्रदान किया जाता है और जिसकी अवधि को 6 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। फिलहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने एच-1बी वीजा प्रदान करने के पक्ष में ही अपनी राय पेश की है और कहा है कि अमेरिका को अत्यधिक शिक्षित वैज्ञानिक और इंजीनियर चाहिए। अमेरिका के कॉरपोरेट सेक्टर में कार्यरत प्रवासियों में भारतीयों व चीनियों की संख्या सबसे अधिक है।

इसी बीच एक अद्भुत घटना प्रकाश में आई। शपथ ग्रहण करने के पश्चात अमेरिकन राष्ट्रपति परंपरा अनुसार वाशिंगटन के एक प्रोटेस्टेंट चर्च की प्रार्थना सभा में शिरकत करने के लिए जाया करते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप इस प्रार्थना सभा में गए तो चर्च में विद्यमान महिला बिशप मारियन एडगर द्वारा अप्रवासियों के प्रति डोनाल्ड ट्रंप की



नीतियों की उनके समक्ष ही कड़ी आलोचना की गई। बिशप मारियन ऐडगर के करुणा और दया से सराबोर शानदार उद्गगार सुनकर राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सहयोगी हतप्रभ रह गए। बिशप मारियन ऐडगर ने कहा कि आपकी नीतियों से डरे हुए लोग चाहे बाहर से आए हैं, चाहे अमेरिका के नागरिक ना भी हैं और उनके पास पूरे कागजात भी नहीं है, पर वे सभी कामकाजी मेहनतकश इंसान है। यदि आप स्वयं पर ईश्वर का हाथ महसूस करते हैं तो भगवान की खातिर उन लोगों को मत सताइए। उन्होंने आगे कहा अमेरिका में बसने वाले सभी अप्रवासी मेहनतकश अपराधी नहीं है, अमेरिका के निर्माण में अप्रवासियों ने अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान किया हैं। उनके प्रति आपका सख्त व्यवहार अमानवीय होगा। सारी दुनिया जानती है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद मेक्सिको के मेहनतकशों को पुनर्निर्माण के कार्य के लिए अमेरिका में बकायदा आमंत्रित किया गया था। आज भी अमेरिका के विशाल एग्रीकल्चर फार्म हाउसों में खेतीबाड़ी का सारा कार्य मेक्सिको से अमेरिका आए हुए अप्रवासी मजदूर ही संभालते रहे हैं। अपने विगत कार्यकाल में भी डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको और अमेरिका के मध्य बड़ी और लंबी दीवार निर्मित करने का ऐलान किया था, किंतु उनके पूरे कार्यकाल में केवल सात किलोमीटर लंबी दीवार ही निर्मित की जा सकी थी, जबकि मेक्सिको और अमेरिका के मध्य तीन हजार किलोमीटर से भी अधिक लंबी सरहद विद्यमान है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने भाषण में पूर्व राष्ट्रपति बाइडन प्रशासन द्वारा अमेरिका में विद्यमान अप्रवासी संकट का निदान करने के तौर तरीकों की भी कटु आलोचना की है।

राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अमेरिकी टैरिफ पर भी अपना नजरिया स्पष्ट किया गया। ट्रंप ने कहा,वह दूसरे मुल्कों से आयात किए जाने वाले माल पर कहीं अधिक टैरिफ और टैक्स आयद करके अपने अमेरिका को समृद्ध बनाएंगे। अमेरिका की आर्थिक तरक्की को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप का नजरिया एकदम संकीर्ण और अंधराष्ट्रवादी रहा है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से अमेरिका को बाहर निकाल कर राष्ट्रपति ट्रंप ने सिद्ध कर दिया है कि उनकी विश्व स्वास्थ्य कल्याण में कदापि कोई रुचि नहीं रही है। डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका 2015 में ही पर्यावरण पर अंजाम दी गई अंतरराष्ट्रीय पेरिस संधि से बाहर आ चुका था। जो बिडेन ने फिर से पेरिस संधि में शामिल होना का निर्णय लिया था। पर्यावरण संरक्षण में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कभी कोई पहल नहीं रही। सर्व विदित है कि अमेरिका विश्व में कार्बन उत्सर्जन करने वाला सबसे अग्रणी देश है। अमेरिकी कारोबार को अति उन्नत करने की लिप्सा में वैश्विक पर्यावरण को नष्ट करने में ट्रंप सबसे ताकतवर राष्ट्रपति साबित होंगे। वह तो केवल अमेरिका की आर्थिक तरक्की में ही खुद को झोंक देना चाहते हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल में चीन और अमेरिका के मध्य ट्रेड वार शुरू हुई थी। किंतु बाइडन के काल में यह शिथिल पड़ गई थी। राष्ट्रपति पद पर आसीन होते ही ट्रंप ने फिर से चीन पर जुबानी हमला बोल दिया है, उन्होंने कहा कि चीन को पनामा नहर एक तोहफा में दे दी गई है। पनामा के राष्ट्रपति जास राहुल मुलिनो ने इस बात से साफ इंकार किया है कि किसी भी तरह से पनामा नहर पर चीन का नियंत्रण स्थापित हो गया है। उन्होंने कहा कि पनामा नहर का संचालन एक प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। आमतौर पर कहा जाता है कि व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप गहरे राजनीतिक दोस्त हैं, ठीक उसी तरह जैसे कहा जाता था कि ट्रंप और नरेंद्र मोदी भी बड़े गहरे दोस्त हैं। पर अंतर्राष्ट्रीय कूटनीतिक मंच पर राष्ट्र के हित ही सदैव सर्वोपरि होते हैं, राष्टाध्यक्षों की व्यक्तिगत दोस्ती अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अधिक महत्व नहीं रखती। अभी ट्रंप के पत्ते खुलने बाकी हैं।

(लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती
कृष्ण प्रताप सिंह



# लाला लाजपत राय : जिनकी शहादत से उबल पड़ा था देश

अहिंसा का कर्तव्य खुद अहिंसक बने रहने से ही पूरा नहीं होता, क्योंकि उसमें दूसरों को हिंसा से विरत करने के जतन करने का कर्तव्य भी शामिल है।...यों, अहिंसा शांतिपूर्ण साधनों से उद्देश्य प्राप्त करने के प्रयासों का नाम है और इन प्रयासों में अविचलित रहकर झेली गई असफलता सफलता की ओर बढ़ा सबसे जरूरी कदम सिद्ध होती हैं। ये विचार स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति दे गये पंजाब केसरी लाला लाजपतराय के हैं, जो अहिंसा में अपने अगाध विश्वास के बावजूद स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र संघर्ष चलाने वाले क्रांतिकारियों के लिए भी उतने ही आदरणीय थे, जितने अहिंसा के पैरोकारों के लिए। इस सिलसिले में जानना दिलचस्प है कि वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल की 'लाल-बाल-पाल' के नाम से प्रसिद्ध उस तिकड़ी के पहले सदस्य थे, जिसने उन दिनों गोरों की दासता में जकड़े देश के लिए सबसे पहले पूर्ण स्वतंत्रता की



माँग की। इतना ही नहीं, उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के निर्णायक दौर में गोरी सत्ता के क्रूरतम चेहरे का सामना किया और अपनी जान देकर देशवासियों के नेतृत्व का कर्तव्य निभाया। यही कारण है कि 30 अक्टूबर, 1928 को लाहौर में कुख्यात साइमन कमीशन के विरुद्ध प्रदर्शन के नेतृत्व के वक्त उन पर पुलिस की लाठियां बेतरह बरसीं और उनसे आई सांघातिक चोटों ने 27 नवम्बर, 1928 को उनकी जान ले ली तो उद्वेलित देश ने गोरों से उसका बदला चुकाये बिना चैन नहीं लिया। इसीलिए उनकी मौत को आज भी, 13 अप्रैल, 1919 को जलियांवाला बाग में गोरे जनरल माइकल ओ' डायर द्वारा कराये गये भीषण नरसंहार और ऐतिहासिक चौरी-चौरा कांड के कारण महात्मा गांधी द्वारा 12 फरवरी,1922 को असहयोग आंदोलन को, उसकी चरमावस्था में, अचानक वापस ले लेने के बाद देश को क्षुब्ध करने वाली तीसरी सबसे बड़ी घटना माना जाता है।

इतिहास गवाह है कि जलियांवाला बाग कांड और असहयोग आंदोलन की वापसी के बाद आजादी के लिए कुछ भी करने और किसी भी हद से गुजरने को आतुर देश के जो युवा अहिंसा के रास्ते निस्तार न देख सशस्त्र क्रांतिकारी संघर्ष की ओर मुड़ गये थे, निर्मम पुलिस दमन में लाला जी को खो देने के बाद उनका ऊष्ण रक्त कुछ ज्यादा ही उबाल खाकर हर हाल में 'बदला-बदला' पुकारने लगा था। पुकारता भी क्यों नहीं, लाहौर में उक्त प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए लाला जी प्रभावशाली नेता की अपने ही द्वारा तय की गई उस कसौटी से रंच भी पीछे नहीं हटे थे, जिसके अनुसार किसी भी सच्चे नेता को सत्साहस व निर्भीकता बरतने में सदैव अपने अनुयायियों से आगे रहना चाहिए। निर्मम लाठी-चार्ज में गोरी पुलिस ने जानबूझकर उनको प्राणघातक चोटें पहुंचानी शुरू कीं तो भी उनके साहस व निर्भीकता ने उनका साथ नहीं छोड़ा था। कहते हैं कि उस वक्त वे इस विश्वास से भरे हुए थे कि उन्हें कुछ हो गया तो देश की उद्वेलित युवा पीढ़ी ब्रिटिश साम्राज्य की ईंट से ईंट बजाने पर तुल जायेगी। इसीलिए बुरी तरह घायल होने के बाद उन्होंने कहा था कि मेरे शरीर पर पड़ी पुलिस की एक-एक लाठी ब्रिटिश साम्राज्यवाद के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी। अपने इस आकलन में वे कितने सही थे, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि कोई महीना भर मौत से लड़ने के बाद उन्होंने 27 नवंबर, 1928 को इस संसार को अलविदा कहा तो उसके दो भी दशक नहीं बीते और देशवासियों ने ब्रिटिश साम्राज्य को इस देश में अपना सूर्यास्त देखने को विवश कर दिया। इस साम्राज्य से उनकी जान का बदला तो क्रांतिकारियों ने महीने भर में ही ले लिया था।

हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी के सैनिकों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव आदि ने सेनापति चंद्रशेखर आजाद के साथ योजना बनाकर उनके प्राणांत के ठीक महीने भर बाद 17 दिसम्बर, 1928 को ब्रिटिश पुलिस के अफ़सर सांडर्स को गोली से उड़ा दिया था। हालांकि वे मारना पुलिस सुपरिटेंडेंट जेम्स स्काट को चाहते थे, जो लाला जी पर लाठियां बरसाने के लिए जवाबदेह था। बाद में भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को बदला लेने की अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने की कीमत अपनी शहादत से चुकानी पड़ी थी। जैसा कि पहले बता आये हैं, अहिंसावादी कांग्रेस में होने के बावजूद लाला जी क्रांतिकारियों के ऐसे चहेते थे कि कहा जाता है कि उनकी असामयिक मृत्यु ने पराधीन भारत को उसकी आन पर हंसते-हंसते बलिदान हो जाने वाले जानें कितने भगतसिंह और ऊधम सिंह दिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# उद्यमो भैरवः



संकलित
## दर्शन

हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सब कुछ प्रभु ही कराते हैं? इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, आध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए, तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है। एक विलक्षण शिव सूत्र है, 'उद्यमो भैरवः' भैरव शिव जी से ही प्रकट हुई शक्ति है। यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोड़कर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। उद्यमो भैरवः प्रयत्न भी भगवान ही है। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं। एक आलसी व्यक्ति सब छोड़कर बैठ जाता है। जब होगा, तब होगा। और जो व्यक्ति ज्वर से पीड़ित है, वह करता ही जा रहा है। वह तनाव से भरा हुआ है। वह आशाओं के पत्थरों को सिर पर ढो रहा है। उसके भीतर विभिन्न प्रकार की नकारात्मक संवेदनाएं उत्पन्न होने लगती हैं। तो मार्ग क्या है? कहां है? तब बताते हैं, 'उद्यमो भैरवः'।

# शनिदेव को पिप्पलाद मुनि ने दिया शाप



संकलित
## प्रेरणा

पुराने समय में वृत्तासुर नाम के एक असुर का आतंक बढ़ गया था। इस असुर को सभी देवता पराजित नहीं कर पा रहे थे। उस समय दधिचि ऋषि ने देवताओं से कहा कि मेरे शरीर की हड्डियों से आप वज्र नाम का शस्त्र बनाइए और उस वज्र से वृत्तासुर का अंत हो जाएगा। देवताओं की भलाई के लिए दधिचि ऋषि ने अपनी देह त्याग दी और बाद में देवताओं ने ऋषि की हड्डियों से वज्र बनाया। देवराज इंद्र ने इस वज्र से असुरों को पराजित कर दिया। दधिचि मुनि के पुत्र का नाम पिप्पलाद था। दधिचि के पुत्र का जन्म पीपल के नीचे हुआ था, इस कारण इस बच्चे का नाम पिप्पलाद रखा गया। बच्चे के जन्म से पहले ही दधिचि की मृत्यु हो गई थी। जब पिप्पलाद बड़े हुए तो उन्होंने देवताओं से पूछा कि मेरे पिता की इतनी जल्दी मृत्यु कैसे हो गई। उस समय उन्हें मालूम हुआ कि शनि की अशुभ दृष्टि की वजह से दधिचि मुनि की मृत्यु का योग बना है। वे बड़े तपस्वी थे। जब उन्हें मालूम हुआ कि शनि के कारण उनके पिता की जल्दी मृत्यु हुई तो उन्होंने शनि को ग्रह मंडल से हटने का शाप दे दिया। शाप के असर से शनि ग्रह मंडल से हटने लगे तो सभी देवताओं ने पिप्पलाद मुनि से अपना शाप वापस लेने की प्रार्थना की। देवताओं की प्रार्थना से पिप्पलाद मुनि ने शनि को क्षमा कर दिया, लेकिन उन्होंने से शनि से कहा कि अब से किसी बच्चे को 16 वर्ष की उम्र तक शनि दोष का सामना न करना पड़े, शनि बच्चों पर अशुभ दृष्टि नहीं डालेंगे।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्रोध में की गई नासमझी महंगी पड़ती है

हम अपने को हर परिस्थिति में संयमित रख सकते हैं तो बड़ी बात है। उसे ही शिक्षित कह सकते हैं। इसके विपरीत अगर मन में उठने वाली उत्तेजनाओं और आवेगों पर हम कंट्रोल नहीं कर सकते हैं तो यह असंयमित जीवन है। आवेगों को नहीं रोक पाना नासमझी है। आवेग में आदमी इतना उत्तेजित हो जाता है कि अपना आपा खो देता है। आवेग में परिवार उजड़ते जा रहे हैं। उसके बाद में पश्चाताप से कोई फायदा नहीं है। आत्महत्या के कारणों के पीछे भी लोगों की नासमझी ही है। इस तरह की मानसिकता वालों के लिए हर तरह की शिक्षा व्यर्थ है। कोई भी किसी भी कार्य में आदमी सफल नहीं हो सकता है जब तक वह अपना स्वामी स्वयं नहीं है।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

## ट्रेंड

### शुभकामनाएं सराहनीय



मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति मैक्रों। 76वें गणतंत्र दिवस पर आपकी शुभकामनाएं बहुत ही सराहनीय हैं। पिछले साल इस अवसर पर आपकी गरिमामयी उपस्थिति वास्तव में हमारी रणनीतिक साझेदारी और स्थायी मित्रता में एक महत्वपूर्ण पल था।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रतिमा खंडन निंदनीय



संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पंजाब के अमृतसर में स्वर्ण मन्दिर के पास हैरिटेज स्ट्रीट में स्थापित प्रतिमा खण्डित करने और वहाँ संविधान की किताब के नजदीक आग लगाने का प्रयास शर्मनाक है। घटना निंदनीय है।

-मायावती, पूर्व सीएम, यूपी

### मनरेगा मजदूरी दर बढ़े



बजट में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के तहत दी जाने वाली मजदूरी को बढ़ाकर राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन तक करने का लक्ष्य रखा जाए। कार्यदिवसों की संख्या 100 से बढ़ाकर 150 दिन की जाय।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### सिद्धार्थ आनंद प्यारे इंसान



मैं इन दिनों 'किंग' फिल्म पर काम रहा हूं। मेरे निर्देशक सिद्धार्थ आनंद बहुत प्यारे हैं। उन्होंने 'पठान' बनाई थी। मैं यकीन दिला सकता हूं कि यह फिल्म आपको भरपूर मनोरंजन देगी।

- शाहरुख खान, अभिनेता

## करंट अफेयर

# कोविड19 वायरस की उत्पति प्रयोगशाला से हुई :सीआईए



अमेरिका की केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) का मानना है कि कोविड-19 महामारी के लिए जिम्मेदार वायरस की उत्पत्ति संभवत: एक प्रयोगशाला से हुई है। सीआईए के एक आकलन के अनुसार, यह आशंका चीन पर उंगली भी उठाती है, हालांकि खुफिया एजेंसी को अपने निष्कर्षों पर पूर्ण विश्वास नहीं है। यह निष्कर्ष किसी नयी खुफिया जानकारी का परिणाम नहीं है, तथा शनिवार को जारी की गई रिपोर्ट पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन और पूर्व सीआईए निदेशक विलियम बर्न्स के आदेश पर पूरी की गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एजेंसी का नेतृत्व करने के लिए चुने गए जॉन रैटक्लिफ के आदेश पर इस रिपोर्ट को शनिवार को सार्वजनिक किया गया। सीआईए का सूक्ष्म निष्कर्षों के आधार पर मानना है कि साक्ष्यों की समग्रता से यह पता चलता है कि कोविड-19 के लिए जिम्मेदार कोरोना वायरस की उत्पत्ति प्राकृतिक उत्पत्ति की तुलना में प्रयोगशाला में होने की अधिक आशंका है। सीआईए के प्रमुख रैटक्लिफ ने फॉक्स न्यूज को बताया, मुझे अपने पहले दिन ही बाइडन प्रशासन में वास्तव में हुए एक आकलन को सार्वजनिक करने का अवसर मिला।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी से 32 गुना बड़ी आकाशगंगा की खोज



खगोलविदों का अनुमान है कि समय बीतने के साथ प्लाज्मा जेट बाहर की ओर फैलते रहते हैं, और अंतत: इतने बड़े हो जाते हैं कि वे विशाल रेडियो आकाशगंगा बन जाते हैं। विज्ञान को सामान्य आकार की लाखों रेडियो आकाशगंगाएं ज्ञात हैं। लेकिन 2020 तक केवल 800 विशाल रेडियो आकाशगंगाएं ही पाई गई थीं। इन्हें पहली बार खोजे जाने के लगभग 50 वर्ष बाद ये अस्तित्व में आई हैं। उन्हें दुर्लभ माना जाता था। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के 'मीरकैट' सहित रेडियो दूरबीनों की एक नयी पीढ़ी ने इस विचार को पूरी तरह बदल दिया है: पिछले पांच वर्षों में लगभग 11,000 विशालकाय तारामंडल खोजे गए हैं। दक्षिण अफ्रीकी रेडियो दूरबीन मीरकैट की नयी विशाल रेडियो आकाशगंगा की खोज असाधारण है। इस ब्रह्मांडीय विशालकाय आकाशगंगा के प्लाज़्मा जेट एक छोर से दूसरे छोर तक 33 लाख प्रकाश वर्ष तक फैले हैं – जो हमारी आकाशगंगा 'मिल्की वे' के आकार से 32 गुना अधिक है। मैं यह खोज करने वाले प्रमुख शोधकर्ताओं में से एक हूं। हमने इसका नाम इंकाथाज़ो रखा है, जिसका अर्थ दक्षिण अफ्रीका की इसिज़ोसा और इसिज़ुलु भाषाओं में 'परेशानी' है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## अदाणी विल्मर का मुनाफा हुआ दोगुना से ज्यादा




**नई दिल्ली।** अदाणी विल्मर का चालू वित्त वर्ष की तीसरी अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक होकर 410.93 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। खाद्य तेलों की मजबूत बिक्री के दम पर उसका मुनाफा बढ़ा है। अदाणी विल्मर ने एक साल पहले इसी अवधि में 200.89 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

## जेएसडब्ल्यू तांबा खदानों पर 2600 करोड़ करेगा निवेश




**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू समूह ने सोमवार को कहा कि वह झारखंड में दो तांबा खदानों के विकास और संचालन तथा एक तांबा संकेन्द्रक संयंत्र की स्थापना के लिए 2,600 करोड़ रुपये निवेश करेगा। यह कदम जेएसडब्ल्यू समूह के विविधीकरण और वृद्धि के लिए प्रतिबद्धता के तहत तांबा कारोबार में प्रवेश का प्रतीक है।

## केनरा बैंक का तीसरी तिमाही मुनाफा 12.25 फीसदी बढ़ा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 12.25 प्रतिशत बढ़कर 4,104 करोड़ रुपये रहा है। बैंक का गत वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में मुनाफा 3,656 करोड़ रुपये रहा था।

## एलटी फूड्स का लाभ 4.75 प्रतिशत घटा

LT FOODS
NURTURING GOODNESS

**नई दिल्ली।** खाद्य क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एलटी फूड्स का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 4.75 प्रतिशत घटकर 145.38 करोड़ रुपये रहा है। ऊंचे खर्च की वजह से कंपनी का मुनाफा घटा है। समान तिमाही में 152.64 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 2,288.25 करोड़ रुपये हो गई।

## कोल इंडिया के मुनाफे में 17 फीसदी की गिरावट



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड का 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 17.4 प्रतिशत घटकर 8,491.22 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने कहा कि कम बिक्री के चलते उसका मुनाफे में गिरावट आई है।

## इंडियन ऑयल के तीसरी तिमाही मुनाफे में 64 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के शुद्ध लाभ में 64 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसकी प्रमुख वजह भंडारण और विदेशी मुद्रा विनिमय पर नुकसान है। इसके चलते कंपनी ने ईंधन की रिकॉर्ड बिक्री से हुआ लाभ गंवा दिया। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 2,873.53 करोड़ रुपये का एकल शुद्ध लाभ हुआ है, जो गत वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 8,063.69 करोड़ रुपये था। जुलाई-सितंबर, 2024 की तुलना में कंपनी का लाभ बढ़ा है।

# चीन के एक दांव से चारों खाने चित्त हो गया अमेरिका, डीपसीक से तबाही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चीन की एक बड़ी उपलब्धि से अमेरिका और जापान समेत ग्लोबल मार्केट में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। एनवीडिया कॉर्पोरेशन के शेयरों में सोमवार को अमेरिकी प्री-मार्केट ट्रेडिंग के दौरान भारी गिरावट दर्ज की गई। यह गिरावट चीन के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) स्टार्टअप डीपसीक द्वारा अपनी नई एआई तकनीक पेश करने के बाद आई। डीपसीक ने अपनी इस तकनीक के जरिए पश्चिमी चैटबॉट्स के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया और सबसे बड़ी बात कि इसकी कीमत भी बहुत कम है।

■ इसका अमेरिका के चैटबॉट्स के मुकाबले प्रदर्शन बेहतर

### चीन के स्टार्टअप डीपसीक ने नई एआई तकनीक पेश की

#### डीपसीक एआई क्या है

डीपसीक एआई एक उभरता हुआ एआई प्लेटफॉर्म है, जो चीन में विकसित किया गया है। यह ओपन एआई जैसे प्रमुख एआई मॉडल्स के साथ कंपटीशन करने की क्षमता रखता है और हाल ही में डीपसीक-वी3 नामक एक नया वर्जन लांच किया गया है, जिसने दुनिया भर में हलचल मचा दी है। आसान भाषा में समझाएं तो डीपसीक एआई, विशेष रूप से डीपसीक-वी3, एक ओपन-सोर्स एआई मॉडल है, जिसका अर्थ है कि इसे दुनिया भर के डेवलपर्स द्वारा इस्तेमाल और कस्टमाइज्ड किया जा सकता है।



*डीपसीक की सफलता : डीपसीक, जो कि क्वांट फंड के प्रमुख लियांग वेनफेंग द्वारा स्थापित किया गया है, ने पिछले सप्ताह अपना नया एआई मॉडल लांच किया। यह मॉडल तुरंत ही एप्पल के ऐप स्टोर की रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गया। डीपसीक को अब ओपनएआई और मेटा प्लेटफार्म इंड. जैसी कंपनियों के लिए संभावित कंपीटीटर माना जा रहा है।*

#### अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद सफलता

सबसे बड़ी बात कि अमेरिका ने चीन के हाइटेक सेमीकंडक्टर तकनीकों के निर्यात पर बैन लगा रखा है। एनवीडिया के अत्याधुनिक एआई चिप्स की बिक्री भी चीन और उसके सहयोगी देशों को सीमित कर दी गई है। इसके अलावा, डच सरकार ने भी अमेरिका के दबाव में चीन को डीप अल्ट्रावायलेट लिथोग्राफी सिस्टम की आपूर्ति पर रोक लगा दी है। लेकिन, इसके बावजूद डीपसीक ने सीमित संसाधनों के साथ अधिक दक्षता पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस बाधा को पार कर लिया है।

*एआई व्यापार मॉडल के लिए चुनौती : डीपसीक ने अपने एआई मॉडल को ओपन-सोर्स्ड रखा है, जिससे यह अन्य उत्पादों के मुकाबले काफी किफायती हो गया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह मौजूदा एआई व्यापार मॉडल के लिए बड़ी चुनौती पेश कर सकता है। यह मॉडल महंगे चिप्स, अधिक कंप्यूटिंग पावर और ऊर्जा पर आधारित होता है।*

#### स्टारगेट प्रोजेक्ट पर आ सकता है संकट

सबसे बड़ी बात कि यह घटना ऐसे समय पर सामने आई है, जब ओपन एआई, साफ्टबैंक ग्रुप और ओरेकल कोरपोरेशन ने संयुक्त रूप से 100 बिलियन डॉलर की लागत वाली स्टारगेट प्रोडेक्ट की घोषणा की है। इस परियोजना के तहत अमेरिका में डाटा सेंटर और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किए जाएंगे। एक्सपर्ट्स का कहना है कि डीपसीक जैसे इनोवेशन मौजूदा एआई व्यापार मॉडल को चुनौती दे सकते हैं, क्योंकि यह कम लागत और अधिक कुशलता के साथ काम करता है।

### सेंसेक्स ने लगाया 824 व निफ्टी ने 274 अंकों का गोता

# शेयर बाजार में मचा हड़कंप, सेंसेक्स सात माह के निचले स्तर पर, डूबे 8 लाख करोड़ से अधिक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि शेयर बाजार की इस तेज गिरावट के पीछे घरेलू और वैश्विक दोनों कारण जिम्मेदार रहे। कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और तेल एवं गैस शेयरों में भारी बिकवाली की गई।

#### चाइनीज स्टार्टअप 'डीपसीक' ने मचाई खलबली

भारतीय शेयर बाजार के खुलने से पहले कमजोर ग्लोबल संकेतों के चलते निवेशकों का मूड बिगड़ा हुआ था। चीन के एक स्टार्टअप, डीपसेक ने एक मुफ्त और ओपन सोर्स एआई-मॉडल लांच करके तकनीक की दुनिया में हलचल मचा दी है। यह एआई-मॉडल, अमेरिकी कंपनी ओपनएई के चैटजीपीटी को टक्कर देता दिख रहा है। इसके चलते अमेरिकी स्टॉक फ्यूचर्स और अधिकतर एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट आई। नैस्डैक कंपोजिट फ्यूचर्स और एसएंडपी 500 फ्यूचर्स में क्रमशः लगभग 2 प्रतिशत और 1 प्रतिशत की गिरावट आई, जो निवेशकों की चिंताओं को दिखाता है।

#### अमेरिकी व जापान के बाजार में गिरावट

नैस्डैक कंपोजिट फ्यूचर्स करीब 2 प्रतिशत गिरा, जबकि एसएंडपी 500 फ्यूचर्स 1 प्रतिशत गिरा। जापान के निक्केई में 0.3 प्रतिशत की गिरावट आई, जिससे पहले की बढ़त खत्म हो गई। वहीं न्यूजीलैंड के बेंचमार्क इंडेक्स में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आई, जो निवेशकों की चिंताओं को दिखाता है। हालांकि इसके उलट चीन और हांगकांग के शेयर बाजारों में तेजी रही।



*शेयर बाजार में सोमवार को फिर भारी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 824.29 अंक टूटकर 75,366.17 अंक पर आ गया। वहीं निफ्टी करीब 274.9 अंकों का गोता लगाकर 22,817.30 अंक के स्तर पर आ गया। बाजार में हाहाकर की स्थिति रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 3 फीसदी, तो वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स 4 फीसदी तक लुढ़का। इसके चलते बस शुरुआती दो घंटे में ही निवेशकों के शेयर बाजार में करीब 8 लाख करोड़ रुपए डूब गए।*

#### बाजार पर दबाव बना रहेगा

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजिस्ट डॉ वीके विजयकुमार ने कहा, एफपीआई की लगातार बिकवाली से बाजार पर असर पड़ रहा है। नए टैरिफ और ग्लोबल ट्रेड को लेकर चिंताएं सेंटीमेंट पर भारी पड़ रही हैं। बाजार अब बजट में इनकम टैक्स में जैसे बड़े ऐलानों की उम्मीद कर रहा है, जिससे खपत को बढ़ावा मिल सके। अगर ये उम्मीदें पूरी नहीं होती हैं, तो बाजार पर दबाव जारी रह सकता है।

#### कंपनियों के मिले जुले तिमाही नतीजे

*कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजे अभी तक कुछ खास आशाजनक नहीं रहे हैं, जिससे निवेशकों का सेंटीमेंट कमजोर हुआ है। अभी तक के नतीजे सुस्त रहे हैं। अधिकतर के नतीजों में अनुमानों से कम रहे रहे हैं। वहीं कई कंपनियों के परिणाम तो बाजार की उम्मीदों से काफी कम रहे हैं। पहले से ही बढ़े हुए वैल्यूएशन और ग्लोबल अनिश्चितताओं के बीच ये कमजोर नतीजे, निवेशकों को शेयरों में लंबी पोजिशन लेने से रोक रहे हैं।*

- ■ आईटी और तेल-गैस के शेयरों में भारी बिकवाली की गई
- ■ चीन के स्टार्टअप डीपसीक ने निवेशकों का बिगाड़ा मूड
- ■ दो घंटों में ही निवेशकों के आठ लाख करोड़ से अधिक डूबे

#### इन शेयरों ने दर्ज की लाभ-हानि

सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक में सबसे अधिक 4.49 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा जोमैटो, टेक महिंद्रा, पावरग्रिड, टाटा मोटर्स, इन्फोसिस, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल के शेयर भी नीचे आए। दूसरी ओर आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एमएंडएम, एसबीआई और एलएंडटी के शेयर लाभ में रहे।

# बुच की सेबी प्रमुख पद से विदाई तय, सरकार ने मंगाया आवेदन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ मौजूदा चेयरपर्सन माधवी बुच का कार्यकाल 28 फरवरी 2025 को हो रहा खत्म

केंद्र सरकार ने शेयर बाजार के रेगुलेटर सेबी की मौजूदा चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच की विदाई की तैयारी शुरू कर दी है जिनका कार्यकाल 28 फरवरी 2025 को खत्म होने जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए अध्यक्ष के लिए 17 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं।

वित्त मंत्रालय के अधीन आने वाले आर्थिक मामलों के विभाग (वित्तीय बाजार प्रभाग) डिपारमेंट ऑफ इकानॉमिक अफेयर की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है, भारत सरकार भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), मुंबई में अध्यक्ष पद को भरने के लिए पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करती है।

#### नियुक्ति अधिकतम पांच वर्ष के लिए

ये नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए या नियुक्त व्यक्ति की 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक जो भी पहले हो के लिए की जाएगी। इस नोटिस के मुताबिक सेबी के नए चेयरमैन के पास ये विकल्प होगा कि वे भारत सरकार के सचिव के समान स्वीकार्य वेतन प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं या फिर 5,62,500 रुपए हर महीने का कंसॉलिडेटेड सैलेरी का विकल्प चुन सकते हैं लेकिन इसमें उन्हें घर और कार की सुविधा नहीं मिलेगी।

## मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध ऋण 12 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि कंपनी का शुद्ध ऋण अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 12 प्रतिशत घटकर 4,320 करोड़ रुपये रह गया। लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध ऋण चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के अंत में 4,930 करोड़ रुपये था।

## चीन की कारखाना गतिविधियां जनवरी के चंद्र नववर्ष में रही मंदी



**हांगकांग।** चीन की विनिर्माण गतिविधियों में जनवरी में मंदी दर्ज की गई। श्रमिकों का चंद्र नववर्ष की छुट्टियों के लिए अपने गृहनगर जाना इसकी मुख्य वजह मानी जा रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, कारखाना प्रबंधकों के सर्वेक्षण पर आधारित क्रय प्रबंधक सूचकांक जनवरी में 49.1 पर आ गया, जबकि दिसंबर 2024 में यह 50.1 था।

**Office of the Executive Engineer**
**Road Construction Department, Road Division, Chaibasa**
eercdchaibasa-jhr@nic.in

**Very Short E-Procurement Notice**
**E-tender Reference No. : RCD/CHAIBASA/2024-25/18 (2nd Call)**
**Date : 27.01.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Widening/Strengthening & Re-construction of Lokesai Main Road (NH-75E)-Tonto-Rengrahatu (Chaibasa-Tonto- Roam) Road (Total Length 25.105 Km) under Road Division, Chaibasa for the year 2024-25. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs 59,68,48,570.00 (Rupees Fifty Nine Crore Sixty Eight Lacs Forty Eight Thousand Five Hundred seventy) Only. |
| 3. | Time of Completion | 18 (Eighteen) Months |
| 4. | Date of Publication of Tender On Website | 29.01.2025 at 11.30 AM |
| 5. | Last date/Time for receipt of bids. | 06.02.2025 Up to 3.00 P.M. |
| 6. | Date of Opening of Bid | 07.02.2025 at 3:30 P.M. |
| 7. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, RCD, Road Division, Chaibasa |
आवेदक प्राधिकृत अधिकारी **यूनियन बैंक आफ इंडिया, पंडरी, जिला-रायपुर** की ओर से **पंकज लालवानी अधिवक्ता** ने आवेदन पत्र/ शपथपत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपने बैंक से **2,55,13,000.00 रूपये** का ऋण प्राप्त कर, आपके स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नही की जा रही है। जिसके कारण बैंक ने आपको अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क **रूपये 2,52,79,778.42** + ब्याज + अन्य कानूनी शुल्क अदा करे, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2/ आपने प्राधिकृत अधिकारी **यूनियन बैंक आफ इंडिया, पंडरी, जिला-रायपुर** से **2,55,13,000.00 रूपये** का ऋण प्राप्त कर मौजा- टिकरापारा, प.ह.नं. 114/ 37, रा.नि. मं. रायपुर - 1, जिला- रायपुर स्थित ख.नं. 421/ 1-8 रकबा 0.291 हे. बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3/ अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उपरोक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी **दिनांक 03.02.2025** को ठीक **3.00 बजे** उपस्थित होना सुनिश्चित करे। नियत तिथि में उपस्थित नही होने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज **दिनांक 08 जनवरी, 2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की से जारी किया गया।

सील

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
रायपुर



**NOTICE**

MAHADHAN

In order to make the Indian Farmers internationally competitive, Mahadhan Agritech Limited, brings to you the following Imported & Indigenous 100% Water Soluble Mixture of Fertilisers as per order dated 24.10.2015, issued by Ministry of Agriculture & Farmers Welfare, Govt. of India, New Delhi.

| Sr. No. | Particulars / Grade | NPK 08-27-22 | NPK 09-08-28 | NPK 10-22-20 | NPK 13-12-19 | NPK 13-40-13 | NPK 14-26-13 | NPK 8-44-7 | NPK 10-34-7 | NPK 15-28-6 | NPK 17-14-9 | NPK 19-19-19 | NPK 20-20-20 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Moisture percent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 2 | Total Nitrogen percent by weight, minimum | 8 | 9 | 10 | 13 | 13 | 14 | 8 | 10 | 15 | 17 | 19 | 20 |
| 3 | Total Phosphorous and water soluble phosphorous (as $P_2O_5$) percent by weight, minimum | 27 | 8 | 22 | 12 | 40 | 26 | 44 | 34 | 28 | 14 | 19 | 20 |
| 4 | Water Soluble Potassium (as $K_2O$) percent by weight, minimum | 22 | 28 | 20 | 19 | 13 | 13 | 7 | 7 | 6 | 9 | 19 | 20 |
| 5 | Sulphur (as S) percent by weight, minimum | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Total Chloride per cent by weight, maximum | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 |
| 7 | Matter insoluble in water per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 8 | Sodium (as NaCl) per cent by weight, maximum | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 9 | Lead (as Pb) per cent by weight, maximum | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 |
| 10 | Cadmium (as Cd) per cent by weight, maximum | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 |
| 11 | Arsenic (as As) per cent by weight, maximum | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 |

| Sr. No. | NPK 6-34-17 | NPKS 10-0-39-8 | NPKS 07-0-40-12 | NPKS 15-25-10-8 | NPKS 5-10-35-8 | NPKS 6-0-37-16 | NPKS 9-27-18-7.5 | NPKS 23-8-6-8 | NPKS 23-0-10-9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 2 | 6 | 10 | 7 | 15 | 5 | 6 | 9 | 23 | 23 |
| 3 | 34 | 0 | 0 | 25 | 10 | 0 | 27 | 8 | 0 |
| 4 | 17 | 39 | 40 | 10 | 35 | 37 | 18 | 6 | 10 |
| 5 | 0 | 8 | 12 | 8 | 8 | 16 | 7.5 | 8 | 9 |
| 6 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 | 1.5 |
| 7 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 8 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 | 0.5 |
| 9 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 | 0.003 |
| 10 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 | 0.0025 |
| 11 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 | 0.01 |

**Salient Features:**

1. 100% Water Soluble.
2. Improves Quality and yield of the produce.
3. Suitable to use through drip irrigation and foliar application.

**Packing :** Available in 500 gm, 1 Kg, 5 Kg, 10 Kg and 25 Kg Packing.

**Supply and sales of above Mahadhan WSF grades will be done after 30-35 days.**

*Manufactured / Imported & Marketed by -*
**MAHADHAN AGRITECH LIMITED**
**Registered Office** : Sai Hira, Survey No. 93, Mundhwa Road, Mundhwa, Pune - 411036.
www.mahadhan.co.in


## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5760



मंगल सेनचा, बैंगलोर

**बाएँ से दाएँ**

1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**

2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5759 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5771

कठिन



MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 5770 का हल



■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

# टी20 आज : कप्तान सूर्यकुमार से बड़ी पारी की उम्मीद, श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| राजकोट

पहले दो मैच में जीत से उत्साहित भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी जबकि कप्तान सूर्यकुमार यादव फॉर्म में लौटना चाहेंगे। पिछले साल सूर्यकुमार ने जब टीम की कमान संभाली तो भारत ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन कप्तान स्वयं रन बनाने के लिए जूझते रहे।

टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक सूर्यकुमार ने इस बीच 17 पारियों में 26.81 की औसत से 429 रन बनाए। सूर्यकुमार को खराब फॉर्म के कारण चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में भी नहीं चुना गया। वह इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 श्रृंखला के पहले दो मैच में भी नहीं चल पाए और अब समय आ गया है जबकि उन्हें खुद को साबित करना होगा।



### सैमसन भी हो रहे फेल

सूर्यकुमार की खराब फॉर्म और संजू सैमसन की शॉर्ट पिच गेंद के सामने कमजोरी के कारण भारत चेन्नई में खेले गए दूसरे मैच में मुश्किल स्थिति में फंस गया था लेकिन तिलक वर्मा ने एक छोर संभाले रखकर टीम को दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका में शानदार प्रदर्शन करने वाले सैमसन पिछले दो मैच में जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट पिच गेंद पर आउट हुए। उन्हें जल्द से जल्द इस कमजोरी से पार पाना होगा।



### आठ बल्लेबाजों को दी प्राथमिकता

भारत ने पहले दो मैच में अर्शदीप सिंह के रूप में एकमात्र विशेषज्ञ तेज गेंदबाज उतारा था। हार्दिक पंड्या ने उनके साथ नई गेंद की जिम्मेदारी संभाली थी। भारत के इस संयोजन में बदलाव करने की संभावना नहीं है। भारत ने अभी तक आठ बल्लेबाजों के साथ उतरने को प्राथमिकता दी है क्योंकि बीच के ओवरों में रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती ने अच्छी गेंदबाजी की है।

### दुबे और रमनदीप में एक को मिलेगा मौका

आर्चर और मार्क वुड ने अभी तक अपनी शॉर्ट पिच गेंद से भारतीय बल्लेबाजों के सामने कड़ी चुनौती पेश की है। लेकिन तिलक के सामने उनकी यह रणनीति कारगर साबित नहीं हुई है। तिलक ने दूसरे मैच में आर्चर पर चार छक्के लगाकर अपनी प्रतिभा का अच्छा परिचय दिया था। रिंकू सिंह और नीतीश रेड्डी चोटिल होने के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह शिवम दुबे और रमनदीप सिंह में से किसी एक को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है।



### इंग्लैंड के सामने सीरीज बचाने की चुनौती

जहां तक इंग्लैंड का सवाल है तो उसे पांच मैच की श्रृंखला को जीवंत बनाए रखने के लिए इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इंग्लैंड की तरफ से अभी तक बल्लेबाजी में केवल कप्तान जोस बटलर ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। उसके अन्य बल्लेबाज स्पिन गेंदबाजी के सामने रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे हैं। जेमी स्मिथ और ब्रायडन कार्स ने पिछले मैच में अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई थी लेकिन उन्हें बड़ी पारी खेलनी होगी। गेंदबाजी में आर्चर फिर से शुरू में विकेट लेने की कोशिश करेंगे। वह रन प्रवाह पर रोक लगाने का प्रयास भी करेंगे क्योंकि पिछले मैच में उन्होंने चार ओवर में 60 रन लुटा दिए थे। राशिद ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है और वह बल्लेबाजी है जिसमें इंग्लैंड को बेहतर खेल दिखाना होगा।

## खबर संक्षेप



### खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन शुरू

**देहरादून।** भारतीय ओलंपिक संघ ने मंगलवार से शुरू होने वाले राष्ट्रीय खेलों के दौरान उत्पीड़न, दुर्व्यवहार और अन्य प्रकार की पारस्परिक हिंसा को रोकने के लिए स्थानीय आयोजन समिति के साथ मिलकर सोमवार को एक हेल्पलाइन शुरू की। राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड के विभिन्न स्थान पर किया जाएगा। इनका समापन 14 फरवरी को होगा। आईओए ने कहा, 'भारतीय ओलंपिक संघ और राष्ट्रीय खेल आयोजन समिति ने सुरक्षा और कल्याण को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय खेल 2025 के दौरान प्रतिकूल घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए एक टेलीफोन हेल्पलाइन शुरू की है।'

### राहुल कर्नाटक की टीम में शामिल

**बेंगलुरु।** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज लोकेश राहुल को सोमवार को कर्नाटक की टीम में शामिल किया गया जो 30 जनवरी से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी के अपने अंतिम लीग मैच में तालिका में शीर्ष पर काबिज हरियाणा का सामना करेगी। राहुल को भारतीय क्रिकेट बोर्ड की मेडिकल टीम ने खेलने के लिए हरी झंडी दे दी है।

## पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज़ शीर्ष 10 में शामिल, सिनर नंबर-1 पर कायम

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में महिला एकल चैंपियन मैडिसन कीज़ ने सोमवार को जारी डब्लूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर से शीर्ष 10 में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग के चैंपियन यानिक सिनर ने एटीपी सूची में अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी। कीज़ ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

कीज़ महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है। उनके अलावा कोको गॉफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा नवारो (नंबर नौ) शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमेरिकी खिलाड़ी हैं। सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब की हैट्रिक पूरी नहीं कर पाई लेकिन वह नंबर एक पर बनी हुई हैं। उनके बाद इगा स्वियाटेक का नंबर आता है जो सेमीफाइनल में कीज से हार गई थी। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन तीन स्थान गिरकर आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि पाओला बडोसा मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गईं।



### छठे स्थान पर जोकोविच

पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले साल जून से नंबर एक पर काबिज सिनर इस स्थान पर बने हुए हैं जबकि फाइनल में उनसे हारने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद कार्लोस अलकराज और टेलर फ्रिट्ज का नंबर आता है। पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सेमीफाइनल से हटने वाले नोवाक जोकोविच एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि दानिल मेदवेदेव दो पायदान नीचे सातवें स्थान पर फिसल गए हैं।

### नागल शीर्ष 100 और बोपन्ना 20 से बाहर

भारत के सुमित नागल एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में लगातार 10 महीने शीर्ष 100 में रहने के बाद लचर प्रदर्शन के कारण सोमवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में इससे बाहर हो गए जबकि ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जल्दी हारने के कारण अनुभवी रोहन बोपन्ना भी अब युगल रैंकिंग में शीर्ष 20 खिलाड़ियों का हिस्सा नहीं हैं। नागल मार्च 2024 से शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल थे। नवीनतम रैंकिंग में वह हालांकि 16 स्थान के नुकसान से 106वें नंबर पर खिसक गए हैं। उनके 565 अंक हैं। नागल के बाद शशिकुमार मुकुंद 365वें स्थान पर हैं। बोपन्ना युगल रैंकिंग में पांच स्थान के नुकसान से 21वें स्थान पर खिसक गए हैं।

## रणजी ट्रॉफी

# 13 साल बाद विराट कोहली की वापसी, युवाओं के लिए मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

13 साल बाद रणजी ट्रॉफी मैच खेलने जा रहे विराट कोहली के मंगलवार से दिल्ली रणजी ट्रॉफी टीम के साथ अभ्यास करने की उम्मीद है और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की तैयारी कर रहा है। कोहली को सोमवार को आधिकारिक तौर पर 30 जनवरी से अरुण जेटली स्टेडियम में रेलवे के खिलाफ होने वाले अंतिम ग्रुप मैच के लिए आयुष बडोनी के नेतृत्व वाली दिल्ली टीम में नामित किया गया था। गाजियाबाद के मोहन नगर में उत्तर प्रदेश के खिलाफ 2012 में खेलने के बाद से यह कोहली का पहला रणजी मैच होगा। भारत के इस पूर्व कप्तान के नाम अब 80 अंतरराष्ट्रीय शतक है। डीडीसीए के सचिव अशोक शर्मा ने कहा, 'हमारे जूनियर खिलाड़ियों के लिए जाहिर तौर पर यह बहुत अच्छा अनुभव होगा क्योंकि उन्हें विराट के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलेगा। आप हमारी टीम पर नजर डालें तो केवल नवदीप सैनी ही भारत के लिए और आईपीएल में विराट के साथ खेले हैं। इस टीम के किसी भी अन्य खिलाड़ी को रणजी ट्रॉफी में विराट के साथ खेलने का अनुभव नहीं है। युवा खिलाड़ी उन्हें देखकर वे बहुत कुछ सीख सकते हैं।'



### दिल्ली टीम

आयुष बदोनी (कप्तान), विराट कोहली, प्रणव राजवंशी (विकेटकीपर), सनत सांगवान, अर्पित राणा, मयंक गुसाई, शिवम शर्मा, सुमित माथुर, वंश बेदी (विकेटकीपर), मनी ग्रेवाल, हर्ष त्यागी, सिद्धांत शर्मा, नवदीप सैनी, यश ढुल , गगन वत्स, जोंटी सिद्धू, हिम्मत सिंह, वैभव कांडपाल, राहुल गहलोत, जितेश सिंह।

## क्रिकेट

# वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 120 रन से हराकर बराबर की श्रृंखला



एजेंसी ▶▶| मुल्तान

बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन के फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के तीसरे ही दिन सोमवार को यहां पाकिस्तान को 133 रन पर समेटकर 120 रन से जीत दर्ज की और श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी।

पाकिस्तान की टीम सोमवार को दूसरी पारी में चार विकेट पर 76 रन से आगे खेलने उतरी और जीत के लिए उसे 178 रन की और दरकार थी। मेजबान टीम ने हालांकि वारिकन (पांच विकेट) की फिरकी के सामने 57 रन जोड़कर बाकी बचे छह विकेट भी गंवा दिए। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान में 34 से भी अधिक साल बाद पहली टेस्ट जीत दर्ज की।ऑफ स्पिनर केविन सिंक्लेयर (61 रन पर तीन विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती (35 रन पर दो विकेट) ने भी वारिकन का अच्छा साथ निभाया। वारिकन 19 विकेट के साथ श्रृंखला के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

इस हार के साथ पाकिस्तान विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में अंतिम स्थान पर खिसक गया। दोनों टीम ने डब्ल्यूटीसी के मौजूदा सत्र में अपना अभियान पूरा कर लिया है।वेस्टइंडीज डब्ल्यूटीसी तालिका में आठवें जबकि पाकिस्तान नौवें स्थान पर रहा।

### रन लुटाने को लेकर चिंतित नहीं : वुड



**राजकोट।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने सोमवार को खुलासा किया कि उनके गेंदबाजों को कहा गया है कि वे रन लुटाने को लेकर किसी तरह की चिंता ना करें और अति आक्रामक भारतीय बल्लेबाजी इकाई के खिलाफ सिर्फ विकेट लेने पर ध्यान केंद्रित करें। पिछले साल जुलाई के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेल रहे वुड ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनके साथी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने चेन्नई में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार ओवर में 60 रन लुटाए थे। विशेष रूप से तिलक वर्मा ने उन्हें निशाना बनाया था।

# स्टार खिलाड़ियों के बिना आज से शुरू होंगे राष्ट्रीय खेल

**देहरादून।** भारत के अधिकांश स्टार खिलाड़ी उत्तराखंड के सात स्थलों पर आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे लेकिन मंगलवार को आधिकारिक उद्घाटन समारोह के साथ शुरू होने वाले खेलों में हजारों अन्य खिलाड़ियों को 32 खेलों में अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेलों के उद्घाटन की घोषणा करेंगे और 18 दिवसीय राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत करेंगे। इन खेलों में 38 टीम के करीब 10,000 खिलाड़ी और अधिकारी हिस्सा लेंगे। खिलाड़ियों की संख्या के लिहाज से यह दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिताओं में से एक है, हालांकि देश की अंतरराष्ट्रीय सफलता में इसकी प्रासंगिकता पर बहस हो सकती है।

### पंड्या की प्रतिबद्धता कप्तानी की संभावना के लिए अहम

**नई दिल्ली।** क्रिकेटर से कमेंटेटर बने संजय मांजरेकर का मानना है कि घरेलू क्रिकेट के लिए हार्दिक पंड्या की प्रतिबद्धता और बीसीसीआई की चयन समिति में बदलाव से तय होगा कि वह भारत की सीमित ओवरों की कप्तानी के लिए दीर्घकालिक विकल्प हो सकते हैं या नहीं। पंड्या 16 टी20 मैचों में भारत की कप्तानी कर चुके हैं। इसके बाद चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर और नये मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टी20 क्रिकेट में सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाया।



### सुपर किंग्स ने सनराइजर्स को नौ विकेट से दी मात

जोहानिसबर्ग। तेज गेंदबाज लुथो सिपामला और हार्डस विजोएन की शानदार गेंदबाजी के दम पर जॉबर्ग सुपर किंग्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को नौ विकेट से हराकर बोनस अंक हासिल किया। सिपामला ने तीन ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट और विजोएन ने चार ओवर में 24 रन देकर चार विकेट लिए।

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
घमंडी - दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130



छत्तीसगढ़ की पावन धरा में माँ मातंगी दिव्य धाम द्वारा

# माँ बंगलामुखी विशाल महायज्ञ

WORLD BOOK OF RECORDS™ AN EXCLUSIVE HONOUR

## विश्व रिकार्ड पुस्तक का आयोजन कर वर्ल्ड रिकार्ड बनने जा रहा है जो आज तक विश्व में पहले कभी नहीं हुआ और शायद न कभी होगा

देश और छत्तीसगढ़ के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि विश्वरिकार्ड बनने जा रहा है। विश्व में पहली बार मां बगलामुखी का विशेष अनुष्ठान किया जा रहा है यह अनुष्ठान विशेष इसलिए भी है क्योंकि जो महायज्ञ हो रहा है इस महायज्ञ का जो आकर है वह मां बगलामुखी के यंत्र के आकार का है। मां मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश्वर डॉक्टर श्री प्रेमा साई जी महाराज ने जानकारी देते हुए कहा कि यह बगलामुखी यंत्र नुमा यज्ञ कुंड है। सरल भाषा में आप इसे कहे तो ये बगलामुखी यंत्र ही है, फर्क महज़ इतना है कि यह यंत्र किसी धातु पर उकेरित न होकर धरती पर उकेरित किया गया है और इस यंत्र को विधिवत पद्धति से सिद्ध किया जाता है ठीक उसी तरह इस विशाल बगलामुखी यंत्र को विधिवत पद्धति से सिद्ध किया गया इसलिए यह यज्ञकुंड विशेष है जहां एक आहुति डालने से एक लाख आहुति का फल प्राप्त होगा।

यह विशेष अनुष्ठान छत्तीसगढ़ के अभनपुर के जी जामगांव में हो रहा जो कि मां मातंगी दिव्य है के नाम से विश्व विख्यात है।

### अनुष्ठान की महत्ता

यह मां बगलामुखी का विशेष अनुष्ठान है। यज्ञ मां बगलामुखी सिद्ध यंत्र के आकार का हवन कुंड बनाकर किया जा रहा है, इसलिए जो भी भक्तगढ़ इस अनुष्ठान में सम्मिलित होकर मां बगलामुखी के यज्ञ में अपनी आहुति प्रवाहित करेंगे वह भक्त शत्रुनाश अकाल मृत्यु प्रेत बाधा और जो जीवन में मुश्किलें होती हैं उन सभी मुश्किलों से तत्काल छुटकारा पाकर अपने जीवन को खुशहाल और सार्थक बना पाने में सफल होंगे।

### क्या है, मां बगलामुखी यज्ञ?

मां बगलामुखी का यज्ञ अपने आप में महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए किया जाता है। बात करें किसी राजनेता की। किसी फ़िल्मी सितारे की। किसी व्यवसाय की। किसी पत्रकार की या फिर किसी भी स्थान में अगर आप प्रतिभागी हैं और आप उसे स्थान उसे विभाग में अपने गुप्त शत्रुओं से त्रस्त हैं तो मां बगलामुखी का मिर्ची का अनुष्ठान आपके लिए लाभप्रद एवं सार्थक होता है। जिसकी वजह यह है की हवन सामग्री में लाल मिर्च, हल्दी और सरसों का हवन सामग्री बनाकर उनकी अग्नि में आहुति दी जाती है। जिससे किसी भी व्यक्ति के गुप्त शत्रु का तत्काल नाश हो जाता है। शत्रुओं का नाश इस रूप में होता है कि जो भी व्यक्ति किसी भी दूसरे व्यक्ति के बारे में नकारात्मक विचार रखता है तो उसके विचारों क्या हनन होता है।

### मां मातंगी चमत्कारी दिव्य धाम की विशेषता

मां मातंगी दिव्य धाम अपने आप में चमत्कारी और तत्काल व्यक्ति को लाभ प्रदान करने वाला देश का इकलौता चमत्कारी दिव्य धाम है। इस धाम की विशेषता इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं की धाम में अगर कोई रोते हुए आता है तो क्षण भर में वह व्यक्ति खिलखिलाते हुए मुस्कुराकर अपने जीवन में तरक्की और खुशहाली को तत्काल महसूस करना शुरू कर देता है।

### विदेशों से आते भक्त

बात करें इस धाम के भक्तों की तो इस धाम में विदेशों से भी भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है। विश्व के कोने-कोने से यहां भक्त आते हैं और अपनी मुराद पूरी करके अपने दुखों को अपने जीवन से हटाकर अपने जीवन को खुशहाल बनाते हैं।

आप इस दिव्य चमत्कारी धाम में आएंगे तो आपको खुद ही इस बात का अंदाजा लगेगा कि यह धाम वास्तव में चमत्कारी एवं दिव्य है। बात करें भव्यता की तो यह धाम अपने भक्तों की पीड़ा को दूर करता है।

प्रतिदिन इस धाम की भव्यता और इस धाम की महिमा विदेश तक फैल रही है। हम कई बार इस धाम में आए हैं और धाम में लोगों की पीड़ा को सुने हैं और फिर जब अगली बार उनसे मुलाकात हुई है तो उनके खिलखिलाते चेहरों को देखकर इस बात के एहसास हो गया कि यह धाम अपने आप में दिव्य एवं चमत्कारी है।

### चमत्कारी दिव्य धाम में होने वाला मां बगलामुखी अनुष्ठान विशेष क्यों?

**पूरे देश में तीन जगह ही मुख्य रूप से मां बगलामुखी की आराधना के लिए विशेष मंदिर बनाया गया है।**

1. मां कांगड़ा हिमाचल- महाभारत के युद्ध के दरमियान पांडवों ने कौरवों को हराने के लिए मां बगलामुखी की आराधना की थी जिससे खुश होकर मां बगलामुखी ने महाभारत की लड़ाई में कुरुक्षेत्र की भूमि पर पांडवों को कौरवों के खिलाफ विजय प्राप्त की थी।
2. नलखेड़ा में बंगलामुखी- मध्य प्रदेश में मां बगलामुखी का विशेष मंदिर नलखेड़ा में स्थित है।
3. मां मातंगी दिव्य धाम- विश्व का एकमात्र चमत्कारी दिव्य धाम मां मातंगी दिव्य धाम है। इस दिव्य धाम में मां बगलामुखी मां मातंगी और छिन्नमस्ता देवी की आराधना एवं पूजा पाठ किया जाता है।

**मां मातंगी में होने वाला मां बगलामुखी का अनुष्ठान की विशेषता**

मां बगलामुखी की जो आराधना जो पूजा और जो यज्ञ इस दिव्य धाम में होता वह अपने आप में विशेष है, क्योंकि इस दिव्य धाम में प्रतिदिन करीब एक क्विंटल लाल मिर्च से हवन किया जाता है।

### बन रहा विश्व रिकॉर्ड

यह मां मातंगी दिव्य धाम में जो मां बगलामुखी का विशेष अनुष्ठान हो रहा है वह विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर रहा। इसके पहले जो विश्व रिकॉर्ड था वह भी मां मातंगी दिव्य धाम के नाम पर ही था। जब 5 टन यानी की 5000 किलों लाल मिर्च के द्वारा मां बगलामुखी का विशेष अनुष्ठान किया गया था। इस बार जो की 27 तारीख से शुरू हुआ है इस अनुष्ठान में 11000 किलो लाल मिर्च से अनुष्ठान किया जा रहा है।

### राजनेता और उनकी पत्नी हुए सम्मिलित

27 तारीख से चलने वाले इस दिव्य और चमत्कारी मां बगलामुखी के अनुष्ठान में राजनेताओं का आने का चक्र शुरू हो चुका है। इसी क्रम में भाजपा शासनकाल के पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर और उनकी पत्नी इस दिव्य महायज्ञ में सम्मिलित होकर इस दिव्य और भव्य महायज्ञ की विशेषता को महसूस किए।

### जब भगवान श्री राम जी ने किया था मां बगलामुखी की आराधना

रामायण में ऐसा उल्लेख मिलता है कि जब भगवान राम और रावण में युद्ध होना प्रारंभ हुआ तो प्रारंभ में रावण अधिक बलशाली और ताकतवर महसूस हो रहा था। जब राम जी को पता चला की रावण मां बगलामुखी का सेवक है, दास है। बगलामुखी की आराधना करता है तो भगवान श्री राम ने भी मां बगलामुखी की विशेष आराधना की जिसके बाद युद्ध में रावण पराजित हुआ।

### पांडवों ने भी की थी बगलामुखी की आराधना

महाभारत में भी मां बगलामुखी की आराधना का उल्लेख मिलता है जब पांडव लोगों को इस बात का आभास हुआ कि हमारी संख्या कम है गौरव हमसे अधिक बलशाली हैं तो पांडवों ने मां बगलामुखी की विशेष आराधना की थी।

### यह अनुष्ठान मुस्लिम देश में दिला रहा सम्मान

मां बगलामुखी का यह अनुष्ठान जो कि 27 जनवरी से शुरू हुआ है जो कि विश्व रिकॉर्ड कायम कर रहा है। इस वजह से मुस्लिम देश दुबई में 19 फरवरी को दुबई के अटलांटिस द पॉम जुमैरा विशेष सम्मान से मां मातंगी दिव्यधाम और इस धाम के पीठाधीश्वर डॉक्टर श्री प्रेमसाई जी महाराज को भी सम्मानित किया जा रहा है।

### प्रेमा साई जी महाराज को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

मां मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश्वर प्रेमा साई जी महाराज को सामाजिक उत्थान एवं दीन दुखियों की सेवा के लिए अमेरिका की सिडरब्रुक यूनिवर्सिटी के द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। जिसके आगामी इस महायज्ञ की चर्चा इतनी है वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने के उपलक्ष में लंदन के सांसद से मां मातंगी दिव्य धाम के पीठाधीश डॉ श्री प्रेम साई महाराज जी को लंदन के संसद भवन में सम्मानित किया जाएगा साथ ही भारत देशको भी लंदन के सांसद द्वारा सम्मानित किया जाएगा आगामी कुछ महीनो में

### पीएम मोदी की कुल देवी है, मां मातंगी

मां मातंगी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की भी कुलदेवी हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बराबर मां मातंगी की पूजा के लिए गुजरात के मंदिर में जाते हैं। मोढेरा गांव स्थित श्री मातंगी (Matangi) मोढेश्वरी (Modheswari) माता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके परिवार की कुलदेवी हैं।

### मां मातंगी दिव्यधाम का पर्चा करता चमत्कार है

मां मातंगी दिव्य धाम अपने आप में दिव्य एवं चमत्कारी है। जहां बागेश्वर दिव्य धाम की तरह लोगों का पर्चा बनता इस पर्चे की महत्ता एवं खासियत इस लिए है क्योंकि इस मां मातंगी दिव्य धाम में इस धाम के पीठाधीश्वर डॉक्टर श्री प्रेमा साई जी महाराज जी इस धाम में आए भक्तों की समस्या को बिना बताए बस देखकर ही बता देते और एक त्रिकालदर्शी पर्चा बनाते जहां भक्तों के जीवनकाल से जुड़ी हुई समस्त बातों को इस पर्चे में उल्लेख कर देते। इस पर्चे की विशेषता यह है कि इस पर्चे में समस्या के साथ साथ समाधान का भी जिक्र किया जाता है। इस धाम में जो भी भक्त आते उसकी सभी मुराद पूरी होती है।












## लगेगी अर्जी बनेगा पर्चा कटेंगे दुख दर्द



## डॉ. श्री प्रेमासाई जी महाराज

पिठाधिश्वर, त्रिकालदर्शी चमत्कारी माँ मातंगी दिव्य धाम (छत्तीसगढ़)

**तिथि : 27-28-29 जनवरी 2025, समय : सुबह 9 बजे से...**

**स्थल : माँ मातंगी दिव्य धाम, धमतरी रोड, जी.जामगांव, बिरेझर, तहसील - कुरूद (छ.ग.)**

**संपर्क - 9256390109 | 8767972448** /aghormarg2021 /@maamatangidivyadham




# कभी जमीन पर थे बड़ी खोपड़ी वाले इंसान, मिली नई मानव प्रजाति!

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन में मिले मानव जैसे जीवाश्मों की खोज ने वैज्ञानिकों को दशकों से उलझा रखा है। ये जीवाश्म किसी भी ज्ञात प्रजाति में फिट नहीं बैठते हैं। खोजी गई खोपड़ी के टुकड़े, दांत, जबड़े और अन्य अवशेष पूरे चीन में अलग-अलग जगहों से मिले हैं। ये अवशेष 300,000 से 100,000 साल पहले रहने वाले प्राचीन मानवों के हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि ये किस प्रजाति की हैं और मानव विकास में उनका स्थान कहां है। हवाई विश्वविद्यालय के प्रोफेसर क्रिस्टोफर बे और बीजिंग के इंस्टीट्यूट ऑफ वर्टेब्रेट पेलियोन्टोलॉजी एंड पेलियोएंथ्रोपोलॉजी के प्रोफेसर वू शियूजी इन जीवाश्मों पर नए सिरे से अध्ययन कर रहे हैं।

## चीन के रहस्यमयी जीवाश्म ने वैज्ञानिकों को चौंकाया

### विशाल सिर इसकी खासियत

होमो जुलुएन्सिस नाम जुलू से लिया गया है, जिसका चीनी भाषा में अर्थ विशाल सिर है। प्रोफेसर बे ने बताया है कि ये खोपड़ी वास्तव में बहुत बड़ी है, खोपड़ी की अनुमानित क्षमता 1,700, 1,800 क्यूबिक सेंटीमीटर है। हमारी न्यूनतम क्षमता लगभग 1,350 cc है। यह बहुत बड़ा अंतर नहीं है, लेकिन यह बहुत अधिक मजबूत है। डेनिसोवन्स की बात की जाए को इनकी खोज 2010 में हुई थी। साइबेरिया की डेनीसोवा गुफा में छोटी उंगली की हड्डी मिली थी। इस हड्डी के डीएनए विश्लेषण से पता चला कि यह अलग प्राचीन मानव आबादी थी। आज भी कई लोगों में डेनिसोवन डीएनए के निशान पाए जाते हैं, लेकिन डेनिसोवन्स के जीवाश्म बहुत कम मिले हैं।



### क्षेत्रीय रूप से हुई है विकसित

1970 और 1980 के दशक में जब ये जीवाश्म पहली बार मिले थे, तब मानव उत्पत्ति के बारे में वैज्ञानिकों की सोच आज से बहुत अलग थी।

### 1970 के दशक में मिले थे जीवाश्म

चीन में मिले जीवाश्मों में 1970 के दशक में शांक्सी और हेबेई प्रांतों में शुजियायाओ (हौजियाओ) स्थल से मिले 21 जीवाश्म शामिल हैं। ये जीवाश्म 200,000 से 160,000 साल पहले रहने वाले 16 व्यक्तियों के हैं। अन्य महत्वपूर्ण स्थलों में हेनान प्रांत में लिंगजिंग और हेइलोंगजियांग प्रांत में हार्बिन शामिल हैं। हार्बिन में 90 साल पहले एक कुएं में एक खोपड़ी मिली थी, जिसे हाल ही में फिर से खोजा गया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोफेसर बे और शियूजी का मानना है कि खोजी गई हड्डियां एक नई मानव प्रजाति हो सकती है, जिसका नाम उन्होंने होमो जुलुएन्सिस रखने का प्रस्ताव दिया है। इस प्रजाति की सबसे खास बात इसका बड़ा दिमाग है, जो होमो सेपियंस से भी बड़ा है। इस खोज से मानव विकास के एक बड़े रहस्य डेनिसोवन्स के बारे में भी जानकारी मिल सकती है। चीन में मिले ये जीवाश्म डेनिसोवन्स से जुड़े हो सकते हैं, जो एक रहस्यमयी प्राचीन मानव समूह है। यह प्रस्ताव वैज्ञानिकों में बहस का विषय बन गया है। कुछ वैज्ञानिक इस बात से सहमत नहीं हैं कि यह एक नई प्रजाति है।

### मानव विकास पर नई बहस

वैज्ञानिकों के पास अब ऐसे आनुवंशिक सबूत हैं, जो सभी होमो सेपियंस के अफ्रीकी मूल का समर्थन करते हैं। आउट ऑफ अफ्रीका सिद्धांत के अनुसार, अफ्रीका के बाहर रहने वाले वर्तमान मानवों के दूर के पूर्वज 50,000 से 60,000 साल पहले अफ्रीका से निकले और दुनिया भर में फैल गए। हालांकि कुछ होमो सेपियंस समूह लगभग 200,000 साल पहले अफ्रीका छोड़ चुके होंगे। बीजिंग में इंस्टीट्यूट ऑफ वर्टेब्रेट पेलियोन्टोलॉजी एंड पेलियोएंथ्रोपोलॉजी के एक प्रोफेसर **Xijun Ni** ने कहा कि पुराने जीवाश्मों पर फिर से विचार करना सामान्य वैज्ञानिक अभ्यास का हिस्सा है।यह प्रशंसनीय है कि बे और वू की रिसर्च के अवशेष पहले से ही पहचाने गए प्रकार के प्राचीन मानव का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

# तेजी से खिसक रहा पृथ्वी का चुंबकीय उत्तरी ध्रुव वैज्ञानिकों ने अपडेट की पोजिशन, जानें कहां पहुंचा

*न्यूयार्क। अगर आप नेविगेट करने के लिए अपने स्मार्टफोन का उपयोग कर रहे हैं, तो आपके सिस्टम को अभी एक महत्वपूर्ण अपडेट मिला है। वैज्ञानिकों ने चुंबकीय उत्तरी ध्रुव की स्थिति को ट्रैक करने वाला एक नया मॉडल जारी किया है। इससे पता चलता है कि पृथ्वी का चुंबकीय उत्तरी ध्रुव अब साइबेरिया के करीब है, जहां यह पांच साल पहले था और रूस की ओर बढ़ रहा है। भौगोलिक उत्तरी ध्रुव के विपरीत, जो एक निश्चित स्थान को चिह्नित करता है, चुंबकीय उत्तरी ध्रुव की स्थिति पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र द्वारा निर्धारित होती है, जो निरंतर बदलती रहती है।*

### चुंबकीय उत्तरी ध्रुव की स्थिति अपडेट कर रहे वैज्ञानिक

कोलोराडो विश्वविद्यालय, बोल्डर और **NOAA** राष्ट्रीय पर्यावरण सूचना केंद्र के एक वरिष्ठ शोध वैज्ञानिक डॉ. अर्नोद चुलियट ने कहा, 'आप मॉडल को अपडेट करने के लिए जितना अधिक इंतजार करेंगे, त्रुटि उतनी ही बड़ी होती जाएगी।' उन्होंने यह भी कहा, 'जिस तरह से मॉडल बनाया गया है, हमारा पूर्वानुमान ज्यादातर पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के हमारे वर्तमान ज्ञान को देखते हुए एक एक्सट्रपलेशन है।'



### रूस की ओर बढ़ रहा चुंबकीय उत्तरी ध्रुव

पिछले कुछ दशकों में, चुंबकीय उत्तरी ध्रुव की गति अभूतपूर्व रही है। हाल के दिनों में चुंबकीय उत्तरी ध्रुव तेजी से रूस की ओर बढ़ा और हाल में ही एक मोड़ पर इसकी गति धीमी हो गई। हालांकि, वैज्ञानिक चुंबकीय क्षेत्र के असामान्य व्यवहार के पीछे अंतर्निहित कारण की व्याख्या नहीं कर सके हैं। विमानों और जहाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम, विश्व चुंबकीय मॉडल का उपयोग करके चुंबकीय उत्तर का पता लगाते हैं। इसका नामांकरण 1990 में किया गया था। ब्रिटिश भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन द्वारा विकसित, यह मॉडल चुंबकीय उत्तर की स्थापित स्थिति को नोट करता है और पिछले कुछ वर्षों के प्रक्षेपवक्र के आधार पर भविष्य के बहाव की भविष्यवाणी करता है। जीपीएस माप की सटीकता को बनाए रखने के लिए, हर पांच साल में शोधकर्ता डब्ल्यूएमएम को संशोधित करते हैं, चुंबकीय उत्तर की आधिकारिक स्थिति को रीसेट करते हैं और बहाव के अगले पांच वर्षों के लिए नई भविष्यवाणियां पेश करते हैं।

### ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने दो मॉडल जारी किए

रिपोर्ट में ब्रिटिश जियोलॉजिकल सर्वे के भूभौतिकीविद् और भू-चुंबकत्व शोधकर्ता डॉ. विलियम ब्राउन ने कहा, वैज्ञानिकों ने 17 दिसंबर को दो मॉडल जारी किए: मानक **WMM**, भूमध्य रेखा पर लगभग 2,051 मील (3,300 किलोमीटर) के स्थानिक रिज़ॉल्यूशन के साथ, और पहला उच्च-रिज़ॉल्यूशन मॉडल, भूमध्य रेखा पर लगभग 186 मील (300 किलोमीटर) के स्थानिक रिज़ॉल्यूशन के साथ। जबकि कोई भी अधिक शक्तिशाली उच्च-रिज़ॉल्यूशन मॉडल का उपयोग कर सकता है। आम जनता द्वारा उपयोग किए जाने वाले अधिकांश जीपीएस हार्डवेयर में मानक डब्ल्यूएमएम शामिल है और यह दूसरे को संभालने के लिए तैयार नहीं है - और कई उपयोगकर्ता अपग्रेड से लाभ नहीं उठा पाएंगे।

# दुनिया की वो जगह जहां मिलता है सबसे साफ और शुद्ध पानी

एजेंसी ▶▶ लंदन

पानी हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा है। हम सभी को शुद्ध पानी की जरूरत होती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि सबसे शुद्ध पानी कहां मिलता है? हममें से कई लोग यह सवाल करते हैं, क्योंकि पानी का असर हमारी सेहत पर सीधा पड़ता है। शुद्ध पानी का मतलब सिर्फ साफ पानी नहीं, बल्कि ऐसा पानी है, जिसमें कोई मिलावट न हो। दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं जहां पानी बहुत ही शुद्ध और साफ मिलता है। हिमालय की ऊंची पहाड़ियों से लेकर, शांत नदियों और झीलों तक, ऐसे कई स्थान हैं जहां पानी बिल्कुल साफ और ताजगी से भरा होता है।



### स्विट्जरलैंड और न्यूजीलैंड का पानी

स्विट्ज़रलैंड और न्यूज़ीलैंड जैसे देशों में भी पानी बहुत शुद्ध होता है। यहां की नदियों और झीलों का पानी इतना साफ होता है कि लोग बिना किसी डर के उसे पी सकते हैं। स्विट्ज़रलैंड में तो पानी को बचाने के लिए कड़े नियम बनाए गए हैं, ताकि पानी हमेशा साफ रहे। न्यूजीलैंड में भी जल स्रोतों को बचाने पर खूब ध्यान दिया जाता है।

### पानी की शुद्धता कैसे जांचें?

पानी की शुद्धता का पता लगाने के लिए उसके पीएच लेवल और उसमें मौजूद रासायनिक तत्वों की जांच की जाती है। शुद्ध पानी में कोई भी मिलावट नहीं होती है, और उसका पीएच लेवल भी 7 के करीब होता है। पानी का रंग और गंध भी उसकी शुद्धता को बताती है।

### भारत में शुद्ध पानी

भारत में भी कुछ जगहों पर पानी बहुत शुद्ध मिलता है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में झरनों और नदियों का पानी साफ और ताजगी से भरा होता है। इन जगहों के पानी को पीने के लिए सुरक्षित माना जाता है। यहां के पानी की गुणवत्ता को चेक करने के लिए हर समय टेस्ट किए जाते हैं, ताकि कोई खतरनाक चीज उसमें न हो।

### हिमालय का पानी

हिमालय का पानी सबसे शुद्ध माना जाता है। यहां की बर्फीली पहाड़ियों और झीलों से निकलने वाला पानी बहुत ही ताजगी से भरपूर होता है। हिमालय के कुछ गांवों में लोग अब भी प्राकृतिक रूप से साफ पानी पीते हैं, जो बिल्कुल प्रदूषण से मुक्त होता है।




**11 हजार किलो मिर्ची की दी जाएगी आहुति**




# मां बगलामुखी दिव्य धाम में महायज्ञ आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ की पावन भूमि मां मातंगी दिव्य धाम धमतरी रोड जी. जामगाव बीरेझर में गुरुदेव डॉ. प्रेमसाई महाराज द्वारा ऐतिहासिक मां बगलामुखी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह महायज्ञ कई मामलों में विशिष्ठ होने वाला है। यह 27, 28 एवं 29 जनवरी होगा। इस महायज्ञ मे पहली बार विश्व में 11 हजार किलो मिर्ची की आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना होगी। इतना भारी मात्रा में मिर्ची की आहूति के पश्चात भी कोई खांसी या खरास नहीं होगी। यही एक संकेत होगा, इस महायज्ञ के सफलता का, जो अद्भुत अनुभव होगा। गुरुदेव डॉ. प्रेमसाई महाराज ने बताया कि इस अवसर पर एक रिकॉर्ड भी बनेगा। जो वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज होने वाला है। इस अवसर पर दिव्य दरबार का भी आयोजन किया जाएगा। जहां पर श्रद्धालु अपनी समस्याओं का निवारण कर सकते हैं।









### पिरामिडों के देश मिस्र में 5000 साल बाद दिखा दुर्लभ लकड़बग्घा

**काहिरा।** मिस्र में दुर्लभ चित्तीदार लकड़बग्घा देखा गया है। इस जानवर को करीब 5,000 साल बाद देखा गया है। यह दुर्लभ घटना मिस्र-सूडान सीमा के पास की है। स्थानीय लोगों ने इस लकड़बग्घे को मार डाला, जिसने शोधकर्ताओं को हैरान और निराश किया है। एक्सपर्ट का कहना है कि इस घटना ने लकड़बग्घे के निवास क्षेत्र की समझ को चुनौती दी है। इससे जलवायु परिवर्तन के कारण जानवरों के प्रवास के बारे में सवाल उठे हैं। यह दिखाता है कि जलवायु परिवर्तन जानवरों के प्रवास को कैसे प्रभावित कर सकता है। ट्रिब्यून की रिपोर्ट कहती है कि यह अद्भुत घटना 24 जनवरी को सामने आई।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com